RNI NO. DELHIN/2010/37009

नई दिल्ली

वर्षः 11

अंकः 53

सोमवार 20 - 26 सितंबर 2021

मूल्यः 5 रु प्रति

रु 250 वार्षिक

# NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



इस्माईल खान

कन्यादान के ऐड पर भड़कीं कंगना 12

### हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले पंजाब के नए सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, कहा . . .

# मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

**चन्नी को उम्मीद, दोस्ती और सहयोग की भावना से मिलकर करेंगे काम**

आशिष करोतिया



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंजाब के नवनियुक्त मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने बुधवार शाम भेंट की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र के समक्ष विकास के लिए किया वादा। मनोहर लाल ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री चन्नी का बुके भेंट कर सम्मान किया। मनोहर ने कहा कि क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए एक-दूसरे का सहयोग करने से पीछे नहीं हटेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि वे दोनों राज्यों की तरक्की में सहयोग देंगे। सीएम मनोहर लाल ने चन्नी को श्रीमद्भागवत गीता की प्रति, रथ व शॉल भी भेंट किया। अपने साथ मिठाई लेकर आए चन्नी ने पहले सीएम मनोहर लाल का मुंह मीठा करवाया। इसके बाद मनोहर लाल ने पंजाब के नवनियुक्त मुख्यमंत्री को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देकर बुके भेंट कर सम्मान किया। । उनका प्रयास रहेगा कि वे आपसी प्रेम, सद्भाव एवं सहयोग से मिलकर एक-दूसरे की तरक्की में सहयोग देंगे। गौरतलब है कि चन्नी सीएम बनने के बाद पहली बार मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे थे। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल से मिलने की जानकारी चन्नी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी दी है। उन्होंने लिखा है कि उन्होंने हरियाणा के सीएम मनोहर लाल से भेंट की। उम्मीद है कि पंजाब और हरियाणा दोस्ती और सहयोग की भावना के साथ मिलकर काम करेंगे। चन्नी ने सीएम बनने के बाद अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में माथा टेका था। इसके बाद वे दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि तीर्थ गए थे।

## किसान नेता राकेश टिकैत ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को किया ट्वीट

एनसीआर समा. संवाददाता



**नई दिल्ली।** कृषि कानून को लेकर किसानो ने माँगा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से समर्थन ट्वीट में कहा किसानो कि समस्या पर भी करें बात।

दरअसल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों अमेरिका में है और शुक्रवार को वह राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। ऐसे में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अमेरिकी राष्ट्रपति को ट्वीट के माध्यम से आग्रह किया है कि वह किसानों के मुद्दों को प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने वाली बैठक में उनके सामने रखें। केंद्र द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर बीते 10 महीने से लाखों किसान दिल्ली की कई सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार ये तीनों कानून वापस ले ले तो किसान अपना आंदोलन खत्म कर देंगे लेकिन इसके बावजूद अभी तक इस समस्या का हल नहीं निकला है। इस बीच किसान आंदोलन के बड़े नेता राकेश टिकैत ने कृषि कानूनों को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से एक गुहार लगाई है। दरअसल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों अमेरिका में है और शुक्रवार को वह राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति को ट्वीट के माध्यम से निवेदन किया है कि वह किसानों के मुद्दों को प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने वाली बैठक में उनके सामने रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### राजेंद्र योगी ने गृहमंत्री को सौपा गया ज्ञापन

**विदिशा।** मध्य प्रदेश के विदिशा ग्राम बामोरीशाला तहसील के सिरोंज गाँव में पिछले कई दिनों से गौ हत्या और गौ मांस का व्यापर किया जा रहा है। दो दिन पहले ग्राम वासियो द्वारा काला हिरन के शिकार करने का मामला सामने आया था जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। 2 दिन पहले गाँव वालों ने गौ मांस कि तस्करी करते हुए कुछ लोगों को रंगे हाथों पकड़ा था और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया था। हिन्दू धर्म में गाय की पूजा की जाती है जिसके चलते वो लोग गौ हत्या को लेकर काफ़ी आक्रोशित है।

### ब्यूरोक्रेसी पर उमा भारती के बयान से मचा बवाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ब्यूरोक्रेट्स को लेकर अपनी इस बयानबाजी से विवादों में घिर गयीं हैं। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी कुछ नहीं होती, चप्पल उठाती है हमारी। उमा भारती ने आगे कहा कि ब्यूरोक्रेसी नेताओं को घुमाती हैं ये फालतू बात है.. ब्यूरोक्रेसी की औकात क्या है। उन्होंने बोला कि ब्यूरोक्रेसी नेता को घुमाती नहीं अकेले में बात हो जाती है फिर ब्यूरोक्रेसी फाइल बनाकर लाती है।

## भड़काऊ नारेबाजी मामले में प्रीत सिंह को मिली जमानत

आशीष करोतिया



**नई दिल्ली।** गौरतलब है कि दिल्ली में कोविड के चलते बिना इजाजत लोगों को इकट्ठा कर किसी कार्यक्रम को करने की मनाही है और जंतर-मंतर पर हुए कार्यक्रम के लिए भी पुलिस से अनुमति नहीं मिली थी। इसके बावजदू यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें समुदाय विशेष के खिला आपत्तिजनक नारेबाजी की गई। देश की राजधानी स्थित जंतर-मंतर पर आठ अगस्त के दिन आयोजित भारत जोड़ो आंदोलन के दौरान समुदाय विशेष के खिलाफ भड़काऊ नारेबाजी मामले में प्रीत सिंह को अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी। प्रीत सिंह आयोजकों में से एक है और उसे सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने और बिना अनुमति के कोविड काल में लोगों को इकट्ठा कर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस मुक्ता गुप्ता यह आदेश प्रीत सिंह के वकील विष्णु शंकर जैन की दलीलों को सुनने के बाद दिया। प्रीत सिंह सेव इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष होने के साथ ही भारत जोड़ो आंदोलन कार्यक्रम के कथित तौर पर सह आयोजक हैं।

### आरोपों पर ओवैसी का पलटवार

## राहुल की अमेठी हार पर उठाए सवाल

**इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कांग्रेस क्या सोचती है, केवल लोग ही तय करेंगे कि एआईएमआईएम क्या है**

एजेंसी



**अहमदाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को उन आरोपों पर निशाना साधा कि उनकी पार्टी बीजेपी की 'बी टीम' है और सवाल किया कि राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से क्यों हार गए, जबकि एआईएमआईएम प्रतियोगिता में नहीं थी। अहमदाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस एआईएमआईएम को एक टीम, बी टीम और वोट कटर के रूप में सोचती है, जब भी वे फिट होते हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने सबसे पुरानी पार्टी पर हमला करते हुए कहा, उनके नेता राहुल गांधी अमेठी में अपनी पारंपरिक सीट हार गए और हमारे पास उस मुकाबले में एक उम्मीदवार भी नहीं था। वह वायनाड से जीते, क्योंकि लगभग 35 प्रतिशत मतदाता अल्पसंख्यक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कांग्रेस क्या सोचती है, केवल लोग ही तय करेंगे कि एआईएमआईएम क्या है।

**ड्रग ट्रैफिकिंग** | भाजपा की सरकार आने के बाद गुजरात में अदानी के पोर्ट पर ड्रग के एसाइनमेंट बार बार आ रहे हैं

# अडानी का पोर्ट बन रहा है ड्रग ट्रैफिकिंग का अड्डा

साकिर खान



**नई दिल्ली।** डानी का पोर्ट भारत में ड्रग ट्रैफिकिंग का सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद गुजरात में अदानी के पोर्ट पर ड्रग के एसाइनमेंट बार बार आ रहे हैं। ऐसे मामलों में कभी पुलिस किसी टिम्बर वाले को उठा लेती है तो कभी पीवीसी पाइप बनाने वाले को। यह कडवी सच्चाई है कि अडानी के बंदरगाह इस वक्त देश में नकली दवाओं और ड्रग्स की ट्रैफिकिंग का ही नहीं नार्को टेररिज्म का सबसे बड़ा जरिया बन गए हैं। दिलचस्प यह है कि सरकार इसके बावजूद अदानी को नए बंदरगाह सौंपती जा रही हैं और नए टर्मिनल बनाने की इजाजत भी दे रही हैं। आइये देखते हैं अदानी के पोर्ट पर कब क्या पकड़ा गया। 1- 20 दिसंबर 2016 को अदानी के मुंद्रा पोर्ट पर आ रहे एक जहाज़ से श्रीलंका में 800 किलो कोकेन पकड़ी थी जिसकी कीमत 12 सौ करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और एटीएस ने जब जांच शुरू की तो पता लगा यह एसाइनमेंट गांधीधाम के एक टिम्बर व्यवसायी के नाम पर आ रहा था। यह उस वक्त दक्षिण एशिया में पकड़ा गया सबसे बड़ा एसाइनमेंट था।

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### 29 सितंबर को होगा महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत का सार्वजनिक अभिनंदन

कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत का 29 सितम्बर को जेएमडी पैलेस रतलाम में सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा। अभिनंदन समारोह के आयोजन हेतु विधायक चेतन्य काश्यप की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक, प्रोफेशनल एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई,जिसमें महामहिम राज्यपाल का नगर की 25 से अधिक संस्थाओं द्वारा सार्वजनिक अभिनंदन किया जाने का निर्णय लिया गया। अभिनंदन समिति में पद्मश्री लीला जोशी को स्वागताध्यक्ष बनाया गया है एवं सदस्य के रूप में जी.डी. अंकलेसरिया रोटरी डायलिसिस ट्रस्ट के चेयरमेन टेम्पटन अंकलेसरिया, शिक्षाविद डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, उद्योगपति प्रमोद कुमार व्यास, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, समाजसेवी माधव काकानी, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व नेता पक्ष, नगर निगम प्रेम उपाध्याय, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, लॉ कालेज ट्रस्टी निर्मल लुनिया, जीतो चेयरमेन मुकेश जैन, वरिष्ठ चार्टड अकाउंटेंट केदार अग्रवाल, सिक्ख गुरु सिंघ सभा के गुरनामसिंह डंग, इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन माहेश्वरी, भारतीय सिंधु सभा के मुख्य संरक्षक हीरालाल करमचंदानी, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष अभय शर्मा, सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद मूणत, थोक व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी, द ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र चत्तर एवं बैरवा रिश्ते परिचय समिति म.प्र. के संयोजक प्रेम एन. वासन शामिल किए गए हैं।

### पंचायत समिति पहाड़ी के निर्वाचित प्रधान ने किया पद ग्रहण

विधायक जाहिदा खान के पुत्र निर्वाचित प्रधान साजिद खान को पदभार ग्रहण समारोह के दौरान विधायक जाहिदा खान रही मौजूद, भारी तादात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आमजन लोगों ने प्रधान साजिद खान का फूल माला पहनाकर व चांदी का मुकुट पहनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्या स्वागत। एसडीएम पहाड़ी संजय गोयल डीएसपी प्रदीप यादव व पुलिस प्रशासन भी रही मौजूद। अब पहाड़ी पंचायत का प्रधान विधायक जाहिदा खान का सुपुत्र पुत्र प्रधान साजिद खान होंगे।

## पूर्वी दिल्ली नगर ने लिया सख्त फैसला

# स्पा सेंटर के कमरों में नहीं होगी कुंडी, आईडी प्रूफ होगा जरूरी

आशीष करोतिया


नए नियम पूर्वी निगम क्षेत्राधिकार में चल रहे सभी स्पा सेंटरों पर लागू किए जाएंगे। सभी स्पा सेंटरों को नए नियम का पालन करना आवश्यक होगा। फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर या व्यावसायिक चिकित्सा डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण पत्र के बगैर अब स्पा सेंटरों में यूं ही कोई भी मालिश नहीं कर पाएगा। पूर्वी निगम ने बुधवार को खास दिशा निर्देशों के साथ क्षेत्र में स्पा सेंटरों को खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

**क्रॉस जेंडर स्पा की नहीं होगी अनुमति**

पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस प्रस्ताव को अग्रिम स्वीकृति प्रदान की है। अब नए नियम पूर्वी निगम क्षेत्राधिकार में चल रहे सभी स्पा सेंटरों पर लागू किए जाएंगे। सभी स्पा सेंटरों को नए नियम का पालन करना आवश्यक होगा। इसके तहत अब स्पा सेंटरों में केंद्रों में क्रॉस-जेंडर मालिश की अनुमति नहीं होगी और बंद दरवाजों के पीछे स्पा सुविधाएं प्रदान नहीं की जाएंगी।

**स्पा के कमरों में नहीं होगी कुंडी**

स्पा सेंटरों में कमरों के दरवाजों के अंदर कोई कुंडी और बोल्ट नहीं होना चाहिए। स्पा सेंटरों में सेल्फ क्लोजिंग दरवाजे की व्यवस्था होगी, साथ ही बाहरी दरवाजे भी काम के घंटों के दौरान खुले रखे जाएंगे। स्पा सेंटर आने वाले सभी ग्राहकों के पहचान पत्र



प्रस्तुत करना आवश्यक होगा और फोन नंबर और आईडी प्रूफ सहित उनके संपर्क रजिस्टर करने होंगे। इसके अलावा स्पा सेंटर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे के बीच ही खुलेंगे। स्पा सेंटरों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम होंगे और परिसर का उपयोग आवासीय उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाएगा।

**ऐसे ही किसी से मालिश नहीं कराई जा सकती**

स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने बताया कि बिना डिग्री डिप्लोमा प्राप्त किसी भी व्यक्ति को इस कार्य में नहीं लगाया जा सकता। अब स्पा सेंटरों से संबंधित नए नियमों के तहत मालिश करने वाले व्यक्ति के पास फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर या व्यावसायिक चिकित्सा में डिग्री, डिप्लोमा का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। काम के दौरान सभी कर्मचारी सेंटर द्वारा जारी आईडी कार्ड जरूर पहनेंगे और उनकी आयु कम से कम 18 वर्ष होनी आवश्यक है। निगम सेंटरों को स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस जारी करने से पहले इनके मालिकों, प्रबंधकों का पुलिस सत्यापन भी कराएगा।

**आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई का प्रावधान**

बीर सिंह पंवार ने बताया कि यदि कोई स्पा सेंटर वेश्यावृत्ति से संबंधित किसी भी गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है तो अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ग्राहक द्वारा 112 और 181 पर कॉल करके इसकी सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा स्पा सेंटर में प्रवेश रिसेप्शन और सामान्य क्षेत्रों में रिकॉर्डिंग सुविधा के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। रिकॉर्डिंग कम से कम तीन महीने तक बरकरार रखी जायेगी। दिशानिर्देशों का उल्लंघन मिलने पर निगम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एमएसपी को मिल सकता है कानूनी जामा

### चुनाव से पहले केंद्र सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

आशीष करोतिया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से एमएसपी को कानूनी जामा पहनाने के संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा के किसान छवि वाले नेताओं ने गन्ना मूल्य बढ़ाने और एमएसपी पर कानून बनाने का सुझाव हाईकमान को दिया है। वहीं चुनाव से पहले और किसान आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार एमएसपी को कानूनी जामा पहना सकती है। मुजफ्फरनगर में सितंबर में हुई महापंचायत में शामिल हुए थे लाखों किसान। तीन कृषि कानूनों की वापसी और एमएसपी की मांग को लेकर किसानों को साधने के लिए सरकार विधानसभा चुनाव से पहले एमएसपी को कानूनी जामा पहना सकती है। भाजपा नेताओं ने भी हाईकमान से गन्ना मूल्य बढ़ाने और एमएसपी पर कानून बनाने का सुझाव दिया है। किसान वर्तमान एमएसपी को गारंटी कानून बनाए जाने के बजाए सी-2 प्लस 50 की मांग की है। भाजपा के किसान छवि वाले नेताओं ने गन्ने का रेट बढ़ाए जाने की सुझाव भी हाईकमान को दिया है।

## दिल्ली कैंट दुष्कर्म व हत्या मामला

# श्मशान घाट में बच्ची को ले जाते हुए गवाहों ने देखा था

आशीष करोतिया

**नई दिल्ली।** एक्सपर्ट पैनल कि रिपोर्ट के अनुसार नहीं लगा था बच्ची को करंट। इन गवाहों ने श्मशान घाट में पीड़ित बच्ची को उधर-उधर ले जाते हुए देखा था। चारों अहम गवाहों ने अलग-अलग समय पर चारों आरोपियों को देखा था।

दिल्ली कैंट के पुराने नांगल गांव में श्मशान घाट में नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या मामले में पुलिस के पास चार अहम गवाह हैं। इन गवाहों ने श्मशान घाट में पीड़ित बच्ची को उधर-उधर ले जाते हुए देखा था। चारों अहम गवाहों ने अलग-अलग समय पर चारों आरोपियों को देखा था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में ये बात कही है। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस के एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट भी अपराध शाखा को मिल गई है।



एक्सपर्ट पैनल ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि श्मशान घाट में लगे वाटर कूलर में कोई करंट नहीं होने की बात कही है। दिल्ली कैंट में नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या मामले की जांच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा कर रही है। अपराध शाखा ने करीब 400 पेज की कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में कहा है कि इस मामले में करीब 60 गवाह हैं। इनमें से चार गवाह ऐसे हैं जिन्होंने आरोपियों को अलग-अलग समय पर अलग-अलग जगह व श्मशान घाट में देखा था। इनमें दो गवाह ऐसे हैं जिन्होंने आरोपियों को श्मशान घाट में पीड़ित बच्ची को कमरे की तरफ ले जाते देखा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये गवाह स्थानीय नागरिक हैं। इनमें से दो गवाह तो उस समय श्मशान घाट व उसकी बाउंड्री के पास थे। अपराध शाखा ने रोहिणी स्थित एफएसएल के अलावा दिल्ली पुलिस के एक्सपर्ट पैनल से भी वाटर कूलर में करंट था या नहीं इसकी जांच कराई थी। एक्सपर्ट पैनल ने अपराध शाखा को दी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वाटर कूलर में करंट नहीं था। साथ ही ये भी कहा है कि अगर वारट कूलर में करंट होता तो बच्ची को करंट लगने पर वाटर कूलर पर बॉयोलोजिकल फ्लूड के निशान होते। मगर वाटर कूलर से बॉयोलेजिकल फ्लूड के कोई निशान नहीं मिले हैं। रोहिणी स्थित एफएसएल ने भी अपनी रिपोर्ट में यही कहा था।

**फैसला** इसके तहत जनजाति ग्राम सभाओं को भूमि अधिग्रहण पुनर्वास के काम में अनिवार्य परामर्श को शक्ति दी गई है

# मप्र सरकार ने की पेसा एक्ट कानून को लागू करने की घोषणा

संजय कसेरा

**भोपाल।** पेसा कानून को लाने का उद्देश्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्वशासन को मजबूती देना है पेसा एक्ट 24 अप्रैल 1996 को बनाया गया था और कई राज्यों में लागू है देश के 10 राज्यों में यह कानून लागू है लेकिन छत्तीसगढ़ झारखंड मध्य प्रदेश और उड़ीसा में यह पूरी तरह से लागू नहीं है। इसके तहत जनजाति ग्राम सभाओं को भूमि अधिग्रहण पुनर्वास के काम में अनिवार्य परामर्श को शक्ति दी गई है खदानों और खनिजों लाइसेंस पट्टा देने के लिए, ग्राम सभा को सिफारिशें देने का अधिकार दिया गया है। अब मध्य प्रदेश सरकार ने इस कानून को राज्य में पूरी तरह से लागू करने का ऐलान कर आदिवासियों को बड़ी सौगात दी है । अलकेश मेडा द्वारा बताया गया कि पेसा एक्ट के तहत स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की समिति को अधिकार दिए जाएंगे अनुसूचित जाति और जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को सामुदायिक संसाधन जैसे जमीन खनिज संपदा लघु वनोपज की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार मिल जाएगा पेसा एक्ट लागू होने के बाद सामुदायिक प्रबंधन समितियां वर्किंग प्लान के अनुसार हर साल माइक्रो प्लान बनाएंगे और उससे ग्राम सभा को



समिति करेगी।पेसा एक्ट के तहत स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की समिति को अधिकार दिए जाएंगे अनुसूचित जाति और जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को अनुमोदित कराएंगे सामुदायिक भवन प्रबंध समिति का गठन भी ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा पैसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को आदिवासी समाज की परंपरा रीति-रिवाज सांस्कृतिक पहचान समुदाय के संसाधन और विवाद समाधान के लिए परंपरागत तरीकों के इस्तेमाल के लिए सक्षम बनाया जाएगा राज्य में तेंदूपत्ता बेचने का काम भी उन सामुदायिक संसाधन जैसे जमीन खनिज संपदा लघु वनोपज की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार मिल जाएगा पेसा एक्ट लागू होने के बाद सामुदायिक प्रबंधन समितियां वर्किंग प्लान के अनुसार हर साल माइक्रो प्लान बनाएंगे और उससे ग्राम सभा को अनुमोदित कराएंगे सामुदायिक भवन प्रबंध समिति का गठन भी ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा पैसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को आदिवासी समाज की परंपरा रीति-रिवाज सांस्कृतिक पहचान समुदाय के संसाधन और विवाद समाधान के लिए परंपरागत तरीकों के इस्तेमाल के लिए सक्षम बनाया जाएगा राज्य में तेंदूपत्ता बेचने का काम भी उन समिति करेगीपेसा एक्ट के तहत स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की समिति को अधिकार दिए जाएंगे अनुसूचित जाति और जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को सामुदायिक संसाधन जैसे जमीन खनिज संपदा लघु वनोपज की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार मिल जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक और साइकिल की जोरदार भिड़ंत, साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर मौत

मामला बदायूं शेखूपुर के रेलवे फाटक के पास का है, नौसेरा की तरफ से आ रहे ट्रक UP26T1739 और साइकिल की जबरदस्त भिड़ंत होने के कारण साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नेमसिंह निवासी गांव रेलवे क्रॉसिंग शेखूपुर के पास चक्की से आटा लेने के लिए गए थे, तभी नौशेरा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक ड्राइवर मुनीश पुत्र भगवानदास निवासी नौशेरा थाना सिविल लाइंस गिरफ्तार किया और ट्रक को थाना सिविल लाइंस पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया शेखूपुर पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर मौजूद रही। नेम सिंह के छोटे छोटे 4 बच्चे हैं, जब यह खबर परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया।

### महिला से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े छीने नकदी

बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला से छीने ₹10000 रुपये, छीनने के बाद बाइक सवार बदमाशों महिला के पैसे लेकर भागे, पीड़ित महिला गांव सबलाना निवासी उर्मिला जाट महिला को बस से उतरते ही लुटेरों ने अपने झांसे में लेकर बिठा लिया था। अपनी बाइक पर आखिरकार कामा कस्बे में प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है लुटेरों का आतंक और इस पर पुलिस प्रशासन कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है, आखिरकार ऐसी गुण्डागर्दी कब तक चलेगी।

### विधायक संतोष पांडेय के क़ाफ़िले की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त

मा0 विधायक संतोष पांडेय जी के क़ाफ़िले की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई विधायक जी पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुज्जफरनगर प्रबुद्ध सम्मेलन के कार्यक्रम में जाते समय इटावा के पास काफिले की एक गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी, जिसमें माननीय विधायक श्री संतोष पांडेय जी ने अपने प्रिय साथी अर्शे आलम को खो दिया। चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल है।

### कानपुर के कल्याणपुर के गुलमोहर अपार्टमेंट से गिरी युवती मौके पर ही मौत

कल्याणपुर से आई दिल दहलाने वाली घटना जिसमे एक युवती अपने अपार्टमेंट कि दसवीं मंजिल से नीचे गिर गई जिस कारण युवती कि मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से सोसाइटी में हड़कंप मच गया मौके पर पहुँचकर पुलिस ने पुरे मामले कि जाँच शुरू कि पूरी घटना हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद पड़ोसियों ने जताई हत्या कि आशंका।

# भाजपा ने शुरू की चुनावी तैयारी

## सहसवान 2022 के चुनाव को लेकर सहसवान में की गई समीक्षा बैठक



अजीम खान

**सहसवान।** गेस्ट हाउस में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

वहीं इसी को लेकर आज अध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश के सुनील भरला की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों के साथ आगामी चुनाव को लेकर मीटिंग की गई। जिसमें निर्देश दिए गए सभी लोग लगन और मेहनत के साथ चुनाव की तैयारियां तेज कर दें और जन जन तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की चलाई जा रही योजनाओ से जनता को अवगत कराएं। इसी बीच राज्यमंत्री सुनील भरला ने पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस मीटिंग भी की उन्होंने कहा में हर वक्त अपने पत्रकार साथियों के साथ खड़ा हूं पत्रकार एक देश की शान है कोरोना काल में भी अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी अहम भूमिका निभाई है इसी बीच युवा नेता दीपक यादव, राजेश यादव, दीक्षा माहेश्वरी, प्रदीप चौधरी, सौरभ माहेश्वरी,पीयूष माहेश्वरी,सचिन शर्मा, जयंत शर्मा,प्रबीण माहेश्वरी, रुद्राक्ष माहेश्वरी, सुभाष गॉड अबडर शर्मा ताराचंद, अनुज माहेश्वरी, सुभाष गुप्ता चौधरी पुत्तन आजाद आदिल सैफी, यदि सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र और नगर परिषद द्वारा किया जा रहा डेंगू का सर्वे



नूर मोहम्मद

**बागली।** सी.बी.एम.ओ के निर्देशानुसार ब्लॉक मलेरिया इंसपेक्टर आनन्द गोयल, बि.ई.ई राधेश्याम चौहान की निगरानी में हेल्थ टिम सुपरवाइजर नन्दकिशोर मोहवाल, रेखा नागर, आंगवाडी लक्ष्मी जामले, द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। एवं नगर पंचायत टिम के स्वच्छता अधिकारी प्रमोद शर्मा के निर्देशन में राजा अजमेरा, दिपक खरे, अर्जुन खरे द्वारा नगर में लार्वा नाशक दवाई का स्प्रे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान पाया गया कि बीमार मरीज ईलाज करवा कर ठिक हो चुके है, साथ ही रहवासियो के घरो के आसपास स्वच्छ, एवं जल जमाव के संबंध में बताया गया। टीम द्वारा अपील कि गई है कि बुखार आने पर तुरन्त सरकारी अस्पताल जाएँ एवं जांच एवं इलाज मुफ्त कराये।

# हरदोई हरियांवा थाना प्रभारी अनिल सक्सेना की सक्रियता से पकड़ा गया शातिर बदमाश




शाहवाज हुसैन खान

**हरियांवा।** थाना प्रभारी अनिल सक्सेना मुस्तैदी से उतरा तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी एक मोटर साइकिल सवार भागने लगा थाना प्रभारी अनिल सक्सेना ने अपने पुलिस सिपाहियो से उसको पकड़ने को कहा, पकड़े गए लड़के ने अपना नाम प्रमोद पुत्र धनीराम निवासी हरियावा बताया नाम सुन थाना प्रभारी अचंभित हो गए उसको तत्काल थाने लेकर आए गहनता से जांच शुरू करने पर मालूम चला प्रमोद मु0 अ0 स0 227/21 धारा 379 सम्बन्धित कोतवाली देहात हरदोई में विभिन्न मुकदमों में वांछित है 500/21 धारा 379/441 मोबाईल फोन चोरी सम्बन्धित अपने साथी धर्मपाल पुत्र सिया राम के साथ मिलकर चोरी में भी वांछित है प्रमोद के कब्जे से चोरी किया हुआ मोबाईल, अवैध शस्त्र 315 बोर मय जिंदा कारतूस घटना में शामिल मोटर साइकिल एवम 4600 रुपया नगद बरामद हुई थाना प्रभारी अनिल सक्सेना ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने के बाद अपराधी को मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया जाएगा।

# बागली राठौर समाज द्वारा नगर में प्रारंभ किए जा रहे धार्मिक आयोजन

एनसीआर समा. संवादाता

लंबे समय के बाद ऐसा विषय बना है कि जिस विकट परिस्थिति से संपूर्ण देश के नागरिक गुजरे हैं।

मानो ऐसा लगता था कि जैसे पालनहार ईश्वर धरती पर प्रलय करने के लिए उतारू है। या वह हमें कठोर दंड देना चाहता है किंतु परंतु किस परिस्थिति में भी भक्तों ने अपने इष्ट को याद करना नहीं छोड़ा।

जहां मंदिर मस्जिद बंद थे वहीं दिल के द्वार ईश्वर के लिए हमेशा खुले रहे जो प्रत्येक दिल में वास करता है। शायद प्रत्येक धरती वासी के दिलों की पुकार को सुनकर ईश्वर ने इस महामारी से काफी हद तक धरती को सुरक्षित किया है अब भक्तगण खुले तौर पर अपने इष्ट को याद करने में मसरूफ नजर आने लगे।

इसी धार्मिक कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बागली नगर के राठौर समाज ने नगर में भागवत गीता का आयोजन कर आज से प्रारंभ करने के लिए धार्मिक जुलूस निकाला गया। जिसमे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और मोहर्रम



कमेटी के सदर समाजसेवी डॉक्टर राम चंद्र राठौर ने भागवत गीता को अपने सर पर रखकर नगर मैं निकले वही राठौर समाज के अशोक मोदी , सरपंच पवन राठौर, राजेश राठौर,अनिल राठौर आनंदीलाल राठौर गोविंद राठौड़, शीला राठौर सहित बड़ी संख्या में महिलाये भी शामिल हुई।

नगर की नूरी मस्जिद के पास यह धार्मिक जुलूस जब पहुंचा मुख्य चौराहे पर नूरी अंजुमन इस्लामीया कमेटी के सदर फिरोज खान मोहम्मद शरीफ खान, इकबाल शाह, समाजसेवी और पत्रकार नूर मोहम्मद शेख, अल्पसंख्यक मोर्चा के जहूर शाह, कादर खान कमेटी के मेंबर असद खान जालिम खान

सहित कई मुस्लिम जनों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा की और भागवत गीता को सुनाने वाले महाराज जी का पुष्प माला पहनाकर इस्तकबाल किया।

# भारी बारिश की वजह से गिरा पुल ग्रामीणों को झेलनी पड़ी मुसीबत

मलेक मोहम्मद कामिल

**छोटा उदयपुर।** ज़िले के संखेड़ा तालुक के मालू गाँव में पिछले 3 दिन से बारिश हो रही है। जिसकी वजह से मालू गाँव को रुस्तमपुर से जोड़ने वाले पुल की आस पास की साइड्स ख़राब होने लगी है। ग़ौरतलब तो यह है कि यह पुल मात्र तीन महीने पहले बनाया गया था। कांट्रेक्टर के भ्रष्टाचार के चलते जनता को ये तकलीफ झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा बारिश के चलते यह पुल पूरी तरह से पानी में डूब चूका है जिसके चलते गाँव वालो को आवाजाही करने में बहुत तकलीफों का समना करना पड़ रहा है। रास्ता बंद होने के अलावा मालू गाँव में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाँव में क़रीब 3 फुट तक रोड पर पानी



जमा हो चुका है। बढ़ते पानी से गाँव के निवासियों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अभी तक उन्हें प्रशासन से किसी भी तरह की कोई मदद नहीं मिली है।

# अपराधियों ने स्वर्ण कारोबारी को गोली मारकर एक करोड़ की संपत्ति लूटी

कमरान खान

**सिवान।** नगर थाना के सोनार टोली स्थित अर्चना ज्वेलर्स में राज्यों ने करीब एक करोड़ का आभूषण लूटकर फरार हो गए। सोमवार की शाम 4 बाइक से 8 अपराधी पहुंचे और दुकान में घुस गए।

दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने दुकान में घुसते ही सोना कारोबारी सुभाष प्रसाद को गोली मार दी। लोगों में चर्चा है कि लूट करीब एक करोड़ की हुई है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लूट के बाद सिवान शहर में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदार ने बताया कि सभी अपराधी चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे। हथियारों से लैस अपराधियों को देखते ही दुकान चला रहे सुभाष प्रसाद और उनके बेटे रूपेश कुमार भयभीत हो गए। अपराधियों ने पहले सुभाष प्रसाद के पैर में गोली मारी फिर सोने और चांदी के ज्वैलरी को बोरे में भरा और वहां से निकल गए। अपराधियों ने रूपेश कुमार के गले से भी सोने के चैन को निकाल लिया।

दुकान से निकलने के बाद उन्होंने कई राउंड फायरिंग की और बाइक से भाग गए। अपराधियों के जाने के बाद दुकान संचालक सुभाष प्रसाद का बेटा रूपेश कुमार चिल्लाने लगा। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां जुट गए और मिलकर घायल सुभाष प्रसाद को सदर अस्पताल ले गए जिनकी हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में शिक्षिका की दर्दनाक मौत

शुजालपुर आष्टा हाईवे पर किशोनी जोड़ के करीब ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई, गंभीर हालत में शिक्षिका को पुलिस ने सिटी सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

मंडी थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि मृतिका ममता पिता विनोद राठौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी चित्रांश नगर शुजालपुर जामनेर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका के रूप में पदस्थ थी, वह अपनी ड्यूटी कर शुजालपुर लौट रही थी तभी किशोनी जोड़ के समीप गेहूं से भरा ट्रक क्रमांक UP92T4747 जो शुजालपुर रेलवे रैक पॉइंट पर जा रहा था। इसी दौरान ही शिक्षिका ममता चपेट में आ गई जिससे शिक्षिका ममता के दोनों पैर व एक हाथ पूरी तरह जख्मी हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में शिक्षिका ममता को सिटी सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया, शिक्षिका ममता ने करीब 20 दिन पूर्व ही स्थानांतरण के बाद जामनेर हाई स्कूल मे पढ़ाना शुरु किया था। इसके पहले शिक्षिका ममता शुजालपुर बीआरसी में पदस्थ थी, बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस द्वारा ट्रक को जप्त कर लिया गया।

### 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के मामले 31 हजार के पार

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 31,923 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 282 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 31,990 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट गए हैं।

गुरुवार को आए कोरोना के नए मामलों ने एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 31,923 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 282 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 31,990 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट गए हैं।

जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या कम होकर आज 3,01,604 पहुंच गई जो कि 187 दिनों में सबसे कम है। देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,46,050 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,28,15,731 हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बुधवार को बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 26,964 नए मामले सामने आए थे जबकि 383 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 34,167 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट गए थे। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या कम होकर 3,01,989 पहुंच गई थी जो कि 186 दिनों में सबसे कम थी।

## चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव

# आई.टी.बी.पी जवानों की साइकिल रैली

शाहिद अली

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में देश की सीमाओं की सतत सुरक्षा करने लिए हमारा सैन्य बल तत्पर्य है। जब हम अपने घरों में चैन से कार्य कर रहे होते है, उस समय हमारे जवान हमारी सीमाओं को बाह्य आक्रमण से बचाने के लिए, दूसरे शत्रु देशों के षडयंत्र से बचाने के लिए, कार्य कर रहें होते है। जब कभी देश आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा होता है, चाहे वह छुट-पुट आतंकवाद की घटनाएं हो या दैवी आपदाओं से सम्बनिधत घटनाएं हो, उस समय जरूरत पड़ने पर हम अपने सैन्य बलों का प्रयोग करते है।



यह बात जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने गांधी भवन में आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत आई.टी.बी.पी जवानों की साइकिल रैली के स्वागत के दौरान कही। इस अवसर पर शहीद उद्यान पार्क स्थित आई0टी0बी0पी0 के जवानों का राष्ट्रभक्ति नारों के साथ पुष्प वर्षा करते हुए माल्यर्पण कर स्वागत किया गया। इसी मौके पर आई.टी.बी.पी के जवानों एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसी के साथ ही आई.टी.बी.पी के जवानों एवं अधिकारियों द्वारा शहीद पार्क में संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राम सेवक द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार आदि द्वारा संयुक्त रूप से आई.टी.बी.पी के जवानों को अमर शहीदों का समृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर सुदामा प्रसाद एवं गुरू नानक विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती की गयी। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने गांधी भवन सभागार में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2 अक्टूबर को हमारे राष्ट्र पिता गांधी जी का जन्म दिवस होगा, जो आजादी का अमृत महोत्सव के साथ जुड़ा हुआ होगा।

कहा कि आई.टी.बी.पी का दल अरूणांचल प्रदेश से चला है, जो उगते हुए सूरज के प्रदेश से चलकर सूरज की तपती हुई धरती शाहजहांपुर में पधारें है। आई.टी.बी.पी के जवानों द्वार बहुत श्रम तरीके से साइकिल से यात्रा करते हुए यहां पधारें है। जवानों द्वारा एक दिन में लगभग 100 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की गयी है। दो अक्टूबर को राज घाट दिल्ली में राष्ट्र पिता माहात्मा गांधी जी की समाधि स्थल पर पहुंच कर उनकों नमन करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि देश की सेवा करने का मतलब यह नहीं है कि हम शरहद पर खडे.होकर देश की सेवा करें। देश की सेवा वहां पर भी की जा सकती है, जहां पर हम तैनात है और जहां पर हम कार्य कर रहें है एवं जहां के हम निवासी है।

वहां पर भी रह कर देश की सेवा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे सैनिक विषम परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर तैनात होकर देश की सेवा कर सकते है, तो हमारी भी यह जिम्मेदारी है कि अपने गांव, अपने शहर, अपने कार्य क्षेत्र में तैनात रहकर अपने देश समाज को बनाने की दिशा में कार्य कर सकते है। कार्याकम का संचालन श्री इन्दु अजनबी द्वारा किया गया। इस मौक पर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## किसान आंदोलन मंडोला में किसान मजबूर. . .



### ज़िंदा समाधि लेकर आमरण अनशन पर बैठा किसान

साकिर खान

सत्ताधारी पक्ष किसानो कि बात सुनने के बजाय पुलिसकर्मी द्वारा किसानो पर दबाब बनवाने का काम कर रहा हैं। समाजवादी पार्टी इन किसानो के साथ हैं, किसान सत्याग्रह आंदोलन कर रहे लोनी मंडोला के किसानो को जिला प्रशासन द्वारा सत्याग्रही किसानों को जिंदा दफन करने का प्रयास किया गया।

## आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

एनसीआर समा. संवाददाता



**इंदौर।** बकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन तथा विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 20.09.2021 को ग्राम- बड़ीकालमेर, हातोद, गांधी नगर क्षेत्र मे अवैध शराब के स्थानों पर दबीश दी गई , जिसमें मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व 06 व्यक्तियों को धारा 34(1) क के तहत गिरफ्तार कर मौके से ज़मानत मुचलके पर छोड़ा गया। उक्त कार्यवाही में 1000 महुआ लहान, 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 800 ग्राम भाँग जप्त की गई। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 57000/- रुपए है। आज की कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन, महेश पटेल, सोनाली बेंजामिन ने की। तथा आरक्षक/मुख्य आरक्षक निहाल सिंह बुंदेला, किशन रघुवंशी, ज्योति गुर्जर, चैन सिंह, ओम्‍प्रकाश साहू, अनूप बिड़ला का सराहनीय योगदान रहा।

**शर्मनाक** — विधायक शुक्ला और बाकलीवाल पहुंचे जवाहर टेकरी और देखे हालात, प्रतिमाओं के शुद्धिकरण और प्रायश्चित कर पूजा की

# बदबू मारते पानी में किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

देवराम ठाकुर

इंदौर कांग्रेसी विधायक संजय शुक्ला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल आज सुबह जवाहर टेकरी पर पहुंचे और वहां उन्होंने नगर निगम के द्वारा किए गए गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद के हालात देखें। वहां पर सीवरेज के गंदे सड़ांध मारते पानी में नगर निगम के द्वारा सारे शहर से एकत्र की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है।



इस पानी में से इतनी बदबू आ रही थी कि व्यक्ति का खड़ा रहना मुश्किल हो रहा था। आसपास के नागरिक भी कांग्रेस नेताओं को देखकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आसपास की बस्तियों का मल मूत्र का गंदा पानी इस स्थान पर आता है। इसके साथ ही इसके आसपास के क्षेत्र में निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा जमीन पर फेंक दी गई कई गणेश प्रतिमाएं भी खंडित हालत में मिली।

विधायक शुक्ला द्वारा बाकलीवाल के साथ पूरे क्षेत्र में जाकर हालात देखे गए। इस दौरान कांग्रेस नेता सर्वेश तिवारी और अन्य कांग्रेस जन भी मौजूद थे। कांग्रेसी नेताओं ने इस बात पर रोष व्यक्त किया है कि नगर निगम के द्वारा नागरिकों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। प्रथम पूज्य देवता गणेश जी की प्रतिमाओं के साथ निगम के अधिकारियों ने जो व्यवहार किया है वह अक्षम्य है। मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के द्वारा इस पूरी बदतर स्थिति को देखने के बाद तत्काल पंडित को बुलवाकर जवाहर टेकरी पर ही इन प्रतिमाओं के शुद्धिकरण तथा प्रतिमाओं के साथ अपमानजनक व्यवहार किए जाने के कारण प्रायश्चित की पूजा की गई। उन्होंने कहा कि हमारा शहर इंदौर प्रदेश की व्यापारिक राजधानी होने के साथ ही साथ आध्यात्मिक राजधानी भी है। पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक आयोजन इंदौर में ही किए जाते हैं। यहां पर गणेश जी की प्रतिमाओं के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना निश्चित तौर पर शर्मनाक है। ऐसे में हमें प्रायश्चित करना चाहिए। नगर निगम के अधिकारी तो अपनी चमड़ी बचाने में और अपने कमाने वाले मातहत अधिकारियों को बचाने में ही लगे रहेंगे। इन अधिकारियों का इस शहर से वास्ता इतना है कि वे यहां पर अपनी पदस्थापना के दौरान पैसा कमाना चाहते हैं। बाकी उन्हें इस शहर से कोई मतलब नहीं है। लेकिन यह शहर हमारा अपना शहर है और हमें अपने शहर में इस तरह की गलत और गद्दी व्यवस्था को मंजूर नहीं करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेतु का निर्माण कार्य नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाए: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

**शाहजहाँपुर**: अजीजगंज-ककरा सम्पर्क मार्ग हेतु निर्माणाधीन सेतु का निर्माण कार्य नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए, इस दृष्टि से निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उक्त निर्देश जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द के साथ ककरा स्थित निर्माणाधीन पुल के औचक निरीक्षण दौरान कही। इस दौरान सेतु का निर्माण कार्य गतिमान स्थिति में पाया गया तथा मौके पर कर्मचारी कार्य करते हुए मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि पुल के निर्माण कार्य में नयी सटरिंग का प्रयोग किया जाये। उन्होंने कहा है कि सेतु के निर्माण कार्य में उपयोग की गयी हुई सटरिंग न लगाई जाए। उन्होने ऑटो लेवल मशीन के माध्यम से पुल का लेवल व दूरी चेक किया।

श्री सिंह ने बोट के माध्यम से नदी के पार जाकर अजीजगंज रोड पर हो रहे रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान रोड की सतह पर मिट्टी के कटान की स्थितियां मिलने पर उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर उन्होंने ककरा में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्श व प्लास्टर का कार्य मौके पर होता हुआ पाया गया। उन्होंने गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये है। कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य को उच्च क्वालिटी की गुणवत्ता से निर्मित करने के निर्देश दिए है।

### क्राइम ब्यूरो इन्वेस्टीगेशन की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन

क्राइम ब्यूरो इन्वेस्टीगेशन ने दिल्ली हेड ऑफिस में प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से सीबीआई ट्रस्ट के कार्यकर्ता व मीडियामित्र उपस्थित हुए। संस्था की प्रथम वर्षगांठ केक काटकर मनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं और मीडिया मित्र को राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव जी, राष्ट्रीय सचिव सुभाष चन्द्र यादव जी, सयुक्त सचिव विनय मिश्रा जी द्वारा सभी साथियों को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव जी ने बताया कि अपराध और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हमारी संस्था पूरे देश में लोगों को जागरुक कर रही हैं और सीबीआई ट्रस्ट टीम द्वारा पीड़ित लोगों की मदद भी की जा रही है, संस्था ये सिखाती है लोगों को की मानवता एक ही धर्म है और सेवा हमारा कर्म है।

# भारतीय जनता पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम

## कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ने जयपुर पहुंच कर किया प्रदर्शन

प्रमोद कुमार बंसल

**कोटपूतली।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पहुँचे जयपुर, कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर विधानसभा घेराव प्रदर्शन में लिया भाग।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नेतृत्व वाली राजस्थान की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों व झुठे वादों को लेकर भाजपा द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शनिवार को विधानसभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में भाग लेने के लिए, कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मुकेश गोयल के नेतृत्व में जयपुर पहुँचे। जहाँ पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ.



सतीश पूनियाँ, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष एड. हिमांशु शर्मा व भाजपा जयपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस सरकार की किसानों की कर्ज माफी के झुठे वादे, किसानों के अंधाधुंध वीसीआर, बिजली बिलों में बढ़ोतरी, महिला व दलितों को लेकर निरन्तर बढ़ रहे आपराधिक घटनाक्रम। आमजन पर हो रहे अत्याचार, कानून के गिरते स्तर, अपराधियों के हौंसले बुलंद व बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी जैसे विषयों को लेकर राज्य सरकार की नाकामियों के विरोध में विधानसभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुभाष दवाईवाला, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूरणमल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंजी. सुभाष घोघड़, उत्तर मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, दक्षिण मंडल अध्यक्ष कैलाश स्वामी, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, एड. बजरंग लाल शर्मा, एड. अशोक सुरेलिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल व सिद्धार्थ टोरडा, महामंत्री महेश हलसर, सौरभ सिंह, एड. विकास जाँगल, एड. देवेन्द्र आर्य, लीलाराम पीटीआई, नगर मंडल महामंत्री बालकृष्ण सैनी, सुरेश वैद्यजी, एड. मुकेश चनेजा, मुकेश डोई, सीताराम बंसल, कपिल शर्मा, भूपेन्द्र यादव, शशी मित्तल, दिनेश जाँगिड़, अभय बंसल, विजय आर्य, पंकज शेरावत समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद थे।

# रायसेन जिले के सेमरी गांव की अंजना यादव ने किया पतलासु पीक को फ़तह

सैयद फ़राज़ अली

एक बार फिर 13944 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फेहराकर रायसेन जिले के सेमरी गांव की अंजना यादव ने अपने जिले के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है। रविवार को अपने घर पहुंची अंजना यादव ने बताया कि हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन के नेशनल प्रेसीडेन्ट विपिन सैनी और नूर अली के द्वारा मनाली के पतालसू पीक पर तिरंगा फहराने के लिए 3 लोगो का चयन मध्य प्रदेश से किया गया था। जिसमे से रायसेन जिले के सेमरी गांव की अंजना यादव एवं अमित विश्वकर्मा, हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा मनाली के पतलासू 11 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजन किया गया था।

अंजना यादव ने मनाली के पतलासु पिक पर 13944 ऊंची पहाड़ी को फतेह कर 13 सितंबर को तिरंगा फहराया, रविवार को घर पहुंची अंजना यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, वेस्ट बंगाल और मध्य प्रदेश के 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें मध्य प्रदेश से हम तीन सदस्य थे।




अंजना यादव ने कहा कि चढ़ाई करते समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा बहुत ही बर्फ थी ठंडी हवा चल रही थी, खराब मौसम बारिश के कारण हम लोग बार-बार गिर रहे थे, फिसल रहे थे पर हमारा हौसला कम नहीं हुआ और हम लोगों ने सफलता पूर्व पतलासू पीक को फतह किया।

बता दें कि अंजना यादव रायसेन के छोटे से गांव से निकलकर अपना अपने परिवार का और यादव समाज का नाम रोशन किया है उन्होंने अपने साहसिक पर्वतारोहण की सफलता का श्रेय अपने पिता आजाद सिंह यादव माता सुधा यादव और अपने परिवार वालों को दिया है।

हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा विपिन सैनी और नूर अली के साथ टीम पतलासू पीक लिए रवाना हुई थी। अंजना, विवेक, अमित को नगर पालिका निगम भोपाल की तरफ से ए.डी.सी.एम.पी सिंह ने बैनर देकर विदा किया था।

उन्होंने इस चोटी से गंदगी से आजादी स्वच्छतम राजधानी भोपाल मेरा भोपाल मेरी शान भोपाल नगर निगम का संदेश दिया था।

गौरतलब हो कि अंजना यादव ने 15 अगस्त 2021 को 20 हज़ार फीट ऊंची चोटी पर झंडा फहराया था, वहीँ जीवन में फ्रेंडशिप पिक पर 16345 फिट पर तिरंगा झंडा फहराया था।

### जिम ट्रेनर विक्रम सिंह हत्या की गुत्थी सुलझी

# डॉक्टर की पत्नी खुशबू का जिम ट्रेनर के साथ था अवैध संबंध

कमरान खान

**पाटलिपुत्र।** कदम कुआं के बुद्ध मूर्ति के पास अपराधियों ने जिस जिम ट्रेनर विक्रम सिंह को 5 गोलियां मारी थी, उसने गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी पुलिस को अपने बयान में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर राजीव कुमार सिंह और उनकी पत्नी खुशबू सिंह का नाम लिया। विक्रम सिंह के बयान में राजीव कुमार सिंह और उनकी पत्नी का नाम आते ही SSP उपेंद्र कुमार शर्मा के आदेश पर पाटलिपुत्र पुलिस ने फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर राजीव कुमार सिंह और उनकी पत्नी खुशबू सिंह को अपने हिरासत में ले लिया है। पाटलिपुत्र थाना की पुलिस इनके घर गई और दोनों को सीधे पुलिस थाना ले कर आ गई। पिछले कई घंटे से दोनों को थाना में रखा गया है। शुरुआती तौर पर दोनों से पूछताछ की गई है जिसमें डॉक्टर ने कई सवालों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया वह बात को घुमाते रहे। SSP उपेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार खुशबू शर्मा और विक्रम के बीच इस साल के जनवरी के बाद 1100 से ज्यादा बार कॉल पर बात हुई



है। इन दोनों के बीच लेट नाइट में भी कॉल पर बात हुई है। ज्यादातर कॉल 30 से 40 मिनट के हैं। पुलिस को इस बात के भी सबूत मिले हैं कि 18 अप्रैल को डॉक्टर ने कॉल करके सीधे तौर पर विक्रम से बात की थी। इसी दौरान उन्होंने विक्रम को जान से मारने की धमकी दी थी। घायल विक्रम के छोटे भाई के बयान के मुताबिक खुशबू जबरन उसके भाई विक्रम के पीछे पड़ी हुई थी। जब उसके भाई से खुशबू की बात नहीं हो रही थी तो एक बार वह घर के नीचे भी आ गई और रो-रोकर कुछ कुछ बोल रही थी। वह हर हाल में बड़े भाई विक्रम से बात करना चाहती थी। यह करीब 3-4 महीने पहले की बात है। इसके बाद एक बार 12:00 बजे रात को उसने मुझे कॉल किया था।

# तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने पीछे से बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया

कमरान खान


**सिवान।** बसिवान के हसनपुरा थाना इलाके के उसरी रामपुर के रहने वाले राजा राम यादव की पत्नी लालमति देवी जो 55 वर्ष की थी अपने बेटे शैलेश यादव के साथ बाइक पर सवार होकर डॉक्टर से मिलने मैरवा थाना इलाके होकर छुई बाजार जा रही थी। जहां करछुई बाजार के समीप तेज रफ्तार HP गैस कंटेनर ट्रक ने अनियंत्रित होकर पीछे से बाइक सवार मां बेटे को कुचल दिया। जिसमें मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने भाग रहे ट्रक को घेर कर पकड़ लिया और सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। मामले की जानकारी होते ही मैरवा थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेज दिया।

### उत्तर प्रदेश सरकार की लापरवाही

# नपा की लापरवाही: करंट लगने से घोड़े की मौत

शाहवाज़ हुसैन ख़ान

**शाहाबाद।** शाहाबाद विद्युत विभाग द्वारा लगे खंबे में करंट उतर जाने से एक घोड़ागाड़ी के घोड़े के करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बरूआ बाज़ार स्थिति छाया कुआ के पास मेन सड़क पर जल भराव नगर पालिका परिषद की घोर लापरवाही दर्शाती है उस पर विद्युत विभाग द्वारा लगे लोहे के खंबे उसमे चार चांद लगाते हैं जल भराव के कारण खंबे में करंट उतर आना आम सी बात हो गई है दिलशाद ग्राम नरहाई जैसे ही अपनी घोड़ा गाड़ी लेकर बरूआ बाज़ार स्थिति छाया कुआ के पास पहुंचा जल भराव में घोड़े का पैर जाते ही वह तड़प कर मर गया दिलशाद इस घोड़ा गाड़ी से जीवन यापन कर रहा था आर्थिक रूप से ग़रीब दिलशाद की नगर पालिका परिषद या विद्युत विभाग द्वारा क्या मदद हो पाती देखने का विषय है साथ ही ऐसी दुर्घटनाएं न घटित हो उस पर ऑला अधिकारियो को गम्भीरता से विचार विमर्श करना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद थाना कटघर के गुलाब बाड़ी में ई-रिक्शा चालक की दिनदहाड़े चाकू से गोदकर की गई हत्या

मुरादाबाद थाना कटघर के गुलाब बाड़ी में ई-रिक्शा चालक की दिनदहाड़े चाकू से गोदकर की गई हत्या हत्यारे ने अनगिनत वार करके ई-रिक्शा चालक की बीच सड़क पर कर दी हत्या मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, युवक को किया गिरफ्तार। आखिरकार योगी के राज में इस तरह आमजन गरीब लोगों को सताया जा रहा है योगी की यह तानाशाही कब तक चलेंगी, योगी का राज में चलेगी इससे अच्छा तो गरीब लोगों को मर जाना चाहिए या फिर इस सरकार को मर जाना चाहिए देश में गुंडागर्दी आखिरकार योगी और मोदी के राज में यह सब कब तक चलेगी इस पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाए।

### बागली ग्राम पंचायत बरझाई से लगे गांव कोठडा मृत अवस्था में मिला शव

बागली थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरझाई ग्राम कोठड़ा में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की लाश सड़क किनारे खेत में पड़ी हुई देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर बागली थाना प्रभारी सुनीता कटारे दल बल के साथ मौके पर पहुंची तथा सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ी लाश को मौके मुहाना कर पंचनामा बनाया गांव वालों के अनुसार शव की पहचान हरि सिंह पिता बने सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम कोटड़ा निवासी के रूप में हुई मर्ग कायम कर पंचनामा बनाकर बागली अस्पताल मैं शव को पीएम के लिए भेजा पीएम के पश्चात शव को परिवार के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी सुनीता कटारे ने बताया प्रथम दृष्टि से व्यक्ति की हत्या की गई है वही परिवार वालों व गांव वालों के बयान के अनुसार शंका के आधार पर एक व्यक्ति को राउंडअप किया है पूछताछ जारी है पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद खुलासा किया जाएगा।

### इंदौर आबकारी की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन तथा विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 18.08.2021 को वृत्त महू के ग्राम पडाव, जोशी गुराड़िया, सिमरोल मलेंडी कोदरिया व अन्य अवैध मदिरा निर्माण के स्थानों पर दबीश दी गई। जिसमें मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) च के तहत 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व 03 व्यक्तियों को धारा 34(1) क के तहत गिरफ्तार कर मौके से उचित ज़मानत मुचलके पर छोड़ा गया, इस प्रकार कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

## कलोता समाज के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश पटेल का किया भव्य स्वागत



**सुनील पवार**

छत्रिय कलोता समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जी पटेल देपालपुर के साथ विधायक आदरणीय विशाल सिंह जी पटेल के आगमन पर खातेगांव कलोता समाज के अध्यक्ष व कार्यकर्ता समाजसेवी वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश पटेल पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर कमला देवी वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष लव पटेल भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य भोपाल द्वारा में स्वागत किया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने समाज हितों में अनेक कार्यों के बारे में वर्णन करते हुए समाज को वरिष्ठ जनों से विचार-विमर्श व दिशा निर्देश दिए इंदौर से गुड्डा पटेल सरदार सिंह बिचोली हापसी बहादुर संतोष जी पटेल योगेंद्र गुड्डू जगन्नाथ जी मकवाना और हिंदू सिंह बढ़ावा नारायण पटेल आदि सभी समाज जनों ने स्वागत सत्कार व समाज हित के बारे में चर्चाएं की इस स्वागत समारोह में उपस्थित सभी समाज गणों वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा अतिथियों का आदर्श संस्कार व स्वागत किया गया सभी का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बेरोजगार दिवस के रूप में मना कर किया अनूठा विरोध

**सैयद फ़राज़ अली**

**रायसेन।** कांग्रेस ने 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बेरोजगार दिवस के रूप में मना कर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। रायसेन जिला मुख्यालय पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सब्जी का ठेला लगाकर महंगे रेट में सब्जी बेंचकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय आहवान पर रायसेन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को देश में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रीयबेरोजगारीदिवस के रूप में मनाया गया। उच्च शिक्षित युवाओं ने सब्जी बेचकर विरोध प्रदर्शन किया।




कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के सात साल में लोगो को रोजगार मिलने की जगह उनके रोजगार छीने जा रहे हैं। बड़ी बड़ी डिग्री धारी युवक बेरोजगार घूम रहे है। जिन्हें सब्जी ठेले लगाकर या पकोड़े तलने के लिए मजबूर कर दिया गया। इस दौरान काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी कर बढ़ती बेरोजगारी ओर महंगाई के खिलाफ यह प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथ ठेले पर रखकर सब्जियां बेची। सागर तिराहे पर युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन कर नारेवाजी की। गौरतलब है की पिछले कुछ सालों से कांग्रेस 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बेरोजगार दिवस के रूप के मनाती चली आ रही है। जिसमे प्रमुख रूप से सांची विधानसभा अध्यक्ष उमर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मिर्जा मसरत बैग, दौलत सेन, मजहर कबीर, गुड्डा बघेल, शशांक धाकड़, राजू महेश्वरी, वसीम खान, बाबूलाल प्रजापति, इकबाल खान, मोनू पारे, जावेद कदीर, मलखान रावत, दुलारे खान, अकील इंडियन, हसीब हिंदुस्तानी आदि सम्मिलित रहे।

## कसारा ऊंकाला गणेश मंदिर में विराजित है 11 फीट ऊंची खड़े गणेश की प्रतिमा

**अनुज राठी**

**रतलाम।** पूरे देश में जहां गणेश उत्सव की धूम है। वही रतलाम में भी #विघ्नहर्ता ब्रह्मचारी रूप में श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। रतलाम के प्रसिद्ध #ऊंकालागणेशमंदिर में भगवान गणेश की खड़े हुए 11 फीट ऊंची प्रतिमा मौजूद है। गणेश जी का यह प्रसिद्ध मंदिर 365 साल पुराना है। कहा जाता है कि रतलाम_रियासत की स्थापना के समय भगवान गणेश की स्थापना यहां की गई थी। पूरे प्रदेश में ऊंकाला गणेश मंदिर ही है। जहां ब्रह्मचारी रूप में भगवान गणेश भक्तो की विनती सुनते हैं। खड़े हुए गणेश जी की ब्रह्मचारी रूप में



#दुर्लभ_प्रतिमा जहां बिना रिद्धि सिद्धि के विराजते भगवान गणेश। मध्यप्रदेश के रतलाम में कसारा ऊंकाला गणेश मंदिर में 11 फिट ऊंची प्रतिमा में भगवान गणेश खड़े हुए दिखाई देते हैं। खड़े हुए तपस्वी_रूप में भगवान गणेश की प्रदेश में एकमात्र प्रतिमा है। खासबात यह भी है कि ऊंकाला गणेश प्रतिमा बगैर रिद्धि - सिद्धि के होकर चतुर्भुज मूर्ति है। सीधे हाथ में माला तो उल्टे हाथ में कमंडल है। वहीं दो हाथ ऊपर की तरफ है जिनमें से एक में फरसा तो एक में नाग धारण किए हुए हैं। ब्रह्मचारी रूप में होने की वजह से भगवान गणेश जी के मंदिर में रिद्धि और सिद्धि की स्थापना नहीं की गई है। यहां पहुंचने वाले भक्तों की मान्यता है कि भगवान गणेश के मंदिर में मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की इस दुर्लभ प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाता है। जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालु यहां बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।

## विशाल कुमार केसरी को सुरक्षा प्रदान करने की मांग

**रवि शंकर कुमार**

मसौढ़ी में विशाल कुमार केसरी के सुरक्षा गार्ड प्रदान करने हेतु मसौढ़ी पाली रोड कपूरी चौक कपूरी चौक से मेन रोड होते हुए रेलवे गुमटी के पास माननीय प्रधानमंत्री और माननीय नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री और मोदी जी का पुतला दहन किया गया जिसमें विशाल कुमार केसरी का कहना है यहां जो सच के लिए लड़ता है उसको मारने का धमकी दिया जाता है तो हम ठीक है हम को मार दिया जाए लेकिन हम व्यवसाय समाज के सचिव को पद को नहीं छोड़ेंगे इसके लिए हमेशा प्रशासन और सरकार से जितना भी लड़ना होगा हम लड़ेंगे और हमें सुरक्षा प्रदान करना



हमारे सरकार का दायित्व बनता है अगर हमपर किसी तरह का घटना घटती है तो इसका भी जिम्मेवारी सरकार के ही होगी मसौढ़ी के जनता के भी यही पुकार है विशाल को सुरक्षा प्रदान किया जाए और जो भी इनके दरवाजे पर नोटिस साट, तुमको मारने के लिए आठ लाख का सुपारी मिला है उसे भी जल्द से जल्द आरे रेस्ट करके करी से करी सजा दी जाए।

## कोटडा में सड़क किनारे शव बरामद

**नूर मोहम्मद शेख**

पूरे मामले को गंभीरता से लेकर बागली एसडीओपी राकेश व्यास और थाना प्रभारी सुनीता कटारे ने विवेचना में लेकर जांच प्रारंभ की थी आखिरकार इस अंधे कत्ल का 24 घंटे में पर्दाफाश दो आरोपी गिरफ्तार किये गए।

पूरा घटनाक्रम इस तरह है पुलिस अधीक्षक डॉ शिव दयाल सिंह, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सूर्यकांत शर्मा, और श्री राकेश व्यास अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बागली के निर्देशन में दिनांक 18 नो 2021 के सुबह 8:00 बजे कंट्रोल रूम देवास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में ग्राम कोठड़ा में पड़ा है, सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुनीता कटारा मय स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ में मृतक का भाई नवल सिंह पिता बने सिंह को रकु निवासी कोटडा भी मौजूद था उससे

**बागली समीपस्थ बरझाई पंचायत के ग्रामीण क्षेत्र की घटना**

पूछताछ करने पर मृतक के भाई ने बताया यह शव मेरे भाई हरि सिंह पिता बने सीह कोरकू उम्र ३५ साल, निवासी कोठडा का होना बताया, मृतक हरि सिंह के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर शासकीय अस्पताल बागली में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## अंधे कत्ल का 24 घंटे में खुलासा, दो गिरफ्तार

**राजेंद्र योगी**

**बागली।** बागली ग्राम पंचायत बरझाई ग्राम कोठड़ा में 18 सितंबर के सुबह 8:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक सूचना मिली एक व्यक्ति मृत अवस्था में ग्राम कोठड़ा में पड़ा है सूचना पर बागली थाना प्रभारी सुनीता कटारा स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर मृतक अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा जिसका पता करते मृतक का भाई नवल सिंह पिता बने सिंह कौरकू निवासी गोठड़ा ने बताया कि मृत अवस्था में हरि सिंह पिता बने सिंह कौरकू उम्र 35 साल निवासी कोठडा का होना पाया गया जिसकी मृतक बॉडी को सीएचसी बागली पीएम हेतु भिजवाया गया तथा थाना प्रभारी सुनीता कटारा के द्वारा मर्ग



कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक हरि सिंह के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए एसडीओपी राकेश व्यास एफएसएल प्रभारी श्री भाटी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया मृतक हरि सिंह की पत्नी नर्मदा बाई वह मृतक के भाई भजन सिंह व नवल सिंह से पूछताछ करते पाया की रात को संजय रामकरण मेरे घर से हरि सिंह को लेकर गए थे । हरि सिंह संजय रामकरण तीनों शिवकरण पिता मंगल सिंह की मोटरसाइकिल मांग कर गांव लाल बावड़ी गोठड़ा रास्ते पर शराब पीने के लिए गए तब से मेरा पति घर पर नहीं आया जांच मैं पाया थाना बागली पर अपराध क्रमांक 526/2021 धारा 302 201 34 भादवि का पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया आरोपी संजय पिता विक्रम निवासी कोटडा वह रामकरण पिता मंगल सिंह कोरकू निवासी कोटडा को लाकर पूछताछ की गई आरोपी ने मृतक हरि सिंह को लकड़ी के खोटे से चोट पहुंचाकर हत्या की और साक्ष छुपाना स्वीकार किया आरोपी संजय पिता विक्रम और निवासी कोटडा व रामकरण पिता मंगल सिंह कौर को निवासी कोटरा को गिरफ्तार किया जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दुकानदार ने युवती को चूड़ी दिखाने के बहाने बनाया हवस का शिकार

दुकानदार ने अपने साथी के साथ युवती के साथ बारी-बारी से किया दुष्कर्म।युवती ने अपने घर जाकर परिजनों को दी घटना की जानकारी, परिजनो ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ थाने में दी तहरीर। युवती थाना राजेपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती फर्रुखाबाद खरीदने आई थी दुकान के लिए चूड़ी तब तक ऐसे ही निडर होकर होते रहेंगे। बलात्कार कंही न कंही किसी न किसी की बहन या बेटी को बनाया जा रहा हवस का शिखार।

### मेरठ के दान्तल गांव में तालाब में चार दिवारी ना होने से बुजुर्ग की मौत

मेरठ के कंकर खेडा थाना क्षेत्र के दान्तल गाँव के तालाब में चार दिवारी न होने के कारण तालाब में डूबने से एक व्यक्ति ,टीटू उम्र लगभग 55 साल पिता- होशियार सिंह, जाटौली निवासी की दर्द नाक मौत से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पहुंच कर पड़ताल की, घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार का मुखिया होने के कारण परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी इसी व्यक्ति पर थी। तालाब में व्यक्ति के डूबने की जानकारी स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी, काफी मसक्कत के बाद व्यक्ति को तालाब से निकाला गया तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी।

कुछ समय पहले की कोरोना काल से पहले सदियों बाद तालाब की सफाई की गई थी, जोकि तालाब की सफाई होने के बाद तालाब का कार्य पूर्ण रूप से नही किया गया न ही तालाब की चार दिवारी की गई। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम मेरठ में भी की गई थी लेकिन नगर निगम की आंखे बंद होने के कारण ये दुखद घटना हुई, ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से भी इस तालाब में होने वाली किसी अप्रिय घटना से सचेत रहने के लिए भी जानकारी देने की कोशिश की, फिर भी नगर निगम अपनी आंखे बंद किये हुए है ।

# नागरिकों की समस्या हल होने से भड़की भाजपा

## भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार

देवराम ठाकुर

**इंदौर।** कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के मैदान में उतरने और उसके परिणाम स्वरूप ओम विहार कॉलोनी के नागरिकों की समस्या का समाधान होने से भारतीय जनता पार्टी भड़क गई है। भाजपा के इशारे पर एरोड्रम पुलिस के द्वारा कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के विरोध में विधायक संजय शुक्ला कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ थाना एरोड्रम पर पहुंचे, जहां धरना देकर नारेबाजी की गई। फिर कलेक्टर कार्यालय पर जाकर वहां भी नारेबाजी की गई।



सड़क पर सीवरेज का पानी जमा होने से पिछले कई महीने से परेशान हो रहे ओम विहार कॉलोनी के नागरिकों की समस्या का समाधान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने नहीं कराया और वह एक अवैध कॉलोनी की दीवार और दरवाजे को बचाने में लगे रहे। इस मामले में कल शुक्रवार को कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को बुलाकर हाथों-हाथ इस समस्या का समाधान कराया। निगम के द्वारा एक दीवार और एक अवैध कॉलोनी का दरवाजा तोड़कर पानी की निकासी का रास्ता बनाया गया। जनता की इस समस्या का समाधान होने से रोकने की कोशिश क्षेत्र की पूर्व पार्षद नीता शर्मा के द्वारा मौके पर पहुंचकर की गई। इस कोशिश में नाकामी मिलते देख उनके द्वारा हंगामा कर जनता की समस्या का समाधान नहीं होने देने के लिए पूरा जोर लगा दिया। इसके बाद भी जब जनता की समस्या हल हो गई तो भारतीय जनता पार्टी के नेता भड़क गए। खास तौर पर वे नेता जिन्हें कि पिछले विधानसभा चुनाव में जनता के द्वारा नकार दिया गया था।

उन नेताओं ने जनता की समस्या कांग्रेस के द्वारा हल किए जाने पर बौखला कर एरोड्रम पुलिस पर दबाव बनाया। पुलिस ने भाजपा नेताओं के दबाव में बिना वजह ही कांग्रेस के कार्यकर्ता विपिन यादव को आज सुबह थाने बुला कर बैठा लिया और फिर बाद में उस पर धारा 151 लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस बात की जानकारी जैसे ही कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला को मिली वैसे ही वे तत्काल एरोड्रम थाने पर पहुंच गए। इसके साथ ही इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल और पूर्व विधायक अश्विन जोशी भी पुलिस थाने पर पहुंच गए। इन सभी के द्वारा थाने पर धरना देकर नारेबाजी की गई। वहां पुलिस के द्वारा यह जानकारी दी गई कि कांग्रेस के कार्यकर्ता को कलेक्टर कार्यालय में एसडीएम के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया गया है । इस पर कांग्रेस के सभी नेता कलेक्टर कार्यालय में आए। इन नेताओं के वहां पहुंचने के पहले ही एसडीएम के द्वारा उक्त कांग्रेस कार्यकर्ता का जेल वारंट काटकर उसे जेल रवाना कर दिया गया और एस डी एम भी कार्यालय छोड़ कर चल दिए। कांग्रेस के नेताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर पहुंचने के बाद प्रशासन के भाजपाई करण का विरोध करते हुए नारेबाजी की।

**पूर्व पार्षद पर मुकदमा दर्ज करो**

कांग्रेस के नेता जब एरोड्रम थाने पर पहुंचे तो वहां पर ओम विहार कॉलोनी में रहने वाले परिवारों की महिलाएं भी पहुंच गई। इन महिलाओं के द्वारा पुलिस के समक्ष आरोप लगाया गया कि हमारी समस्या का समाधान करने आए विधायक के साथ पूर्व पार्षद नीता शर्मा के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया है। अब नीता शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कीजिए। इसके साथ ही इन महिलाओं के द्वारा इस बारे में पुलिस थाने पर आवेदन भी दिया गया।

**ईट से ईट बजा दूंगा शुक्ला**

इस पूरे घटनाक्रम के बाद कांग्रेसी विधायक संजय शुक्ला ने साफ शब्दों में कहा है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को झूठे तरीके से मुकदमे बनाकर गिरफ्तार करने से पुलिस बाज आए । भाजपा के दबाव में इस तरह की हरकते नहीं करें । यदि अब किसी कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ ऐसा किया गया तो मैं ईट से ईट बजा दूंगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, पूर्व विधायक अश्विन जोशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि यादव, शैलेश गर्ग, पूर्व पार्षद अनिल शुक्ला, के के यादव, अनवर दस्तक, अन्साफ़ अन्सारी, अनिता तिवारी, मनजीत टुटेजा, सुनील गोधा, मुकेश यादव, गोपाल यादव , सुनील परिहार, प्रवेश यादव , राखी दुबे , रीटा डागरे , विपिन गंगवाल, अमजद मंसूरी , रफीक खान, महावीर जैन , तपन शुक्ला, प्रमोद जोशी, योगेंद्र मौर्य ,प्रेम वर्मा, सुषमा यादव, ज्वाला यादव, कपिल कौसिक, बंटी ठाकुर अशोक जाट आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पेशी से लौट रहे गवाह की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या

शाहवाज़ हुसैन खान



**हरदोई।** जनपद थाना क्षेत्र पचदेवरा के ग्राम पत्योरा निवासी मोहन सिंह पेशी से वापस अपने घर लौट रहे थे पत्योरा कुरारी रास्ते में घात लगाकर विकल सिंह अपने साथियों अशोक सिंह, धर्मपाल सिंह, रिंकू व उसके भाई एवम पुत्र शाहजहांपुर छेत्र के सूरजपाल ,रामू आदि लोगों ने उसको घात लगाकर पीछे से आकर घेर लिया लाठी डंडे से पीट पीट कर हाथ व पैर तोड़ कर गम्भीर हालात में ज़खमी हालत में मरा समझ कर फरार हो गए, मोहन सिंह के भाई सैफुल सिंह ने नौ लोगो के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कराई है सूत्रों के अनुसार मोहन सिंह की गांव के ही विकल सिंह व अशोक आदि से किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी जिसका न्यायलय में मुकदमा चल रहा था उस मुकदमे को वापस करने पर दबाव बनाया तो मोहन सिंह ने मना कर दिया जिस कारण इस घटना को अंजाम दिया गया किसी अज्ञात व्यक्ति ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी पुलिस ने पाली सरकारी अस्पताल पहुंचने पर उसकी गम्भीर हालात देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया उपचार के बीच ही अधिक चोट व रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई मौके पर पहुंचे ए एस पी दुर्गेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई सभी आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है जलद ही गिरफ़्तार कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## आयकर विभाग ने आजादी की वर्षगांठ पर मनाया अमृत महोत्सव

ब्रज कुमार राठौर



**ठुकराना।** इसी के अंतर्गत प्रदूषण से आजादी कार्यकम के अंतर्गत जिला आयकर अधिकारी पीसी देपन की अगुवाई में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (हिल्स) ठुकराना में विशाल पौधों की श्रखला रोपी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा अम्बाराम कराड़ा, जिला महामंत्री दिनेश शर्मा,वरिष्ठ व्यपारी माणक चंद बोथरा,जिला व्यपारी संघ अध्यक्ष किरण ठाकुर,जिला मीडिया प्रभारी चिंटू सक्सेना, जिला अध्यक्ष कर सलाहकार संघ केके नेमा, शाजापुर नगर अध्यक्ष नवीन राठौर,मुकेश भुभन्ता, डॉं अशोक नेमा,संजय जैन,सचिन जैन,सतीश राठोर,शुभम ठाकुर,आयकर कर्मी ललित सोनी,अभिषेक पांचाल सहित गणमान्य नागरिको ने कार्यक्रम में भागीदारी दी।

# बहराइच पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर सनसनीखेज हत्याकांड का किया खुलासा

मो वाहिद

04 अज्ञात शवों की हुई शिनाख्त एवं तीन हत्यारे गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू बरामद

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घटना का अनावरण करने वाली टीम को एक लाख रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।



पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच सुजाता सिंह द्वारा एस.ओ.जी, सर्विलांस सहित 04 पुलिस टीमों को थाना फखरपुर क्षेत्र में दिनांक 11 सितंबर को एक बालिका एवं एक बालक एवं दिनांक 12 सितंबर को एक महिला एवं एक बालिका के निर्ममता पूर्वक गला रेत कर हत्या किये हुए बरामद शव के पहचान एवं निर्मम हत्या कांड के अनवारण हेतु दिए गए। निर्देशों के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) श्री कुंवर ज्ञानञ्जय सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री कमलेश कुमार सिंह (विवेचक मुकदमा) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मृतकों के परिजनों को पहचान हेतु फोटोग्राफ दिखाने पर मु0अ0स0 355/2021 धारा 302/201 आई०पी०सी० थाना फखरपुर से सम्बंधित दिनांक 11 सितंबर को ग्राम बसन्ता दाखिला गजाधरपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच में दो अज्ञात बच्चों के गन्ने के खेत में बरामद हुए शवों की शिनाख्त क्रमशः राजाती पुत्री मैरी काशी कत्रायन उम्र करीब 11 वर्ष एवं जोसेफ पुत्र मैरी काशी कत्रायन उम्र करीब 07 वर्ष निवासीगण- मुमरा देवी, आर्केड, दिवा ईस्ट, थाना मुम्ब्रा, जिला थाने, महाराष्ट्र एवं मु0अ0स0 357/2021 धारा 302/201 आई०पी०सी० थाना फखरपुर से सम्बंधित दिनांक 12/09/2021 को ग्राम यादवपुरी नाला पुलिया के किनारे बहद ग्राम माधवपुर से 01 महिला व 01 बच्ची अज्ञात के बरामद हुए शवों की शिनाख्त क्रमशः मैरी काशी कत्रायन पुत्री काशी कत्रायन उम्र करीब 35 वर्ष व सौंदर्या पुत्री मैरी काशी कत्रायन उम्र करीब 04 वर्ष निवासीगण- मुमरा देवी, आर्केड, दिवा ईस्ट, थाना मुम्ब्रा, जिला थाने, महाराष्ट्र के रूप में की गई। पुलिस को तकनिकी सहायता एवं मुखबिर से सूचना मिली कि घटना का सम्बन्ध महाराष्ट्र राज्य से है। घटना से सम्बन्धित बहराइच के स्थानीय थाना फखरपुर क्षेत्र के निवासी 03 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु बहराइच लाया गया। विभिन्न स्थानों की सीसीटीवी फुटेज एवं ट्रेन के रिजर्वेशन चार्ट आदि से सभी के बहराइच आने की पुष्टि हो रही थी। गिरफ्तार किया गया।

## संपादकीय

# कश्मीर का राग छोड़कर अपनी चिंता करे पाकिस्तान

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद और 'इस्लामी सहयोग संगठन' (आईआईसी) में कश्मीर का मुद्दा फिर से उठा दिया है। पाक प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि कश्मीर में मानव अधिकारों का उल्लंघन कहाँ-कहाँ और कैसे-कैसे हो रहा है? यदि वह अपनी बात प्रमाण सहित कहता तो न सिर्फ भारत सरकार उस पर ध्यान देने को मजबूर होती बल्कि भारत में ऐसे कई संगठन और श्रेष्ठ व्यक्ति हैं, जो मानव अधिकारों के हर उल्लंघन के खिलाफ निडरतापूर्वक मोर्चा लेने को तैयार हैं। इस समय कश्मीर के लगभग सभी नजरबंद नेताओं को मुक्त कर दिया गया है। यह ठीक है कि उन्हें कई महीनों तक नजरबंद रहना पड़ा है, जो कि अच्छी बात नहीं है लेकिन कोई बताए कि उन्हें सुरक्षित रखना भी जरूरी था या नहीं? यदि धारा 370 और 35ए के खात्मे के बाद कश्मीर में उथल-पुथल मचती तो पता नहीं कितने लोग मरते और कितने घर बर्बाद होते। इन बड़े कश्मीरी नेताओं की नजरबंदी के कारण उनकी जान तो बची ही, सैंकड़ों लोग हताहत होने से भी बच गए। हमें यही सोचना चाहिए कि उनकी जान बड़ी है या उनकी जुबान बड़ी है? इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि पाकिस्तान अभी भी इस मरे चूहे को क्यों घसीटे चला जा रहा है? उसे पता है कि वह हजार साल भी चिल्लाता रहे तो भी कश्मीर उसका हिस्सा नहीं बन सकता। कश्मीर-कश्मीर चिल्लाते-चिल्लाते उसने अपना कितना नुकसान कर लिया है। भारत के साथ उसने तीन बड़े युद्ध लड़े। उनमें वह हारा। उसने लगातार आतंकी भेजे। सारी दुनिया की बदनामी झेली। अपने आम आदमी की जिंदगी में सुधार करके वह भारत से आगे निकल जाता तो जिन्ना भी बहिश्त में खुश हो जाते लेकिन उसे पहले अमेरिका की गुलामी करनी पड़ी और अब चीन की करनी पड़ रही है।

क्या जिन्ना ने पाकिस्तान इसीलिए बनवाया था? जरूरी यह है कि वह कश्मीर को आजादी दिलाने के पहले खुद आजाद होकर दिखाए। यदि वह अपने नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा कर रहा होता तो वह इस्लामी जगत ही नहीं, सारी दुनिया का सितारा बन जाता लेकिन उसके हजारा, पठानों, सिंधुओं, बलूचों, हिंदुओं, सिखों और शियाओं की हालत क्या है? खुद प्रधानमंत्री इमरान खान और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी उस पर कई बार अफसोस जाहिर कर चुके हैं। पाकिस्तान की जनता और सरकार पहले खुद अपने मानवों के अधिकारों की रक्षा करके दिखाए, तब उन्हें भारत या किन्हीं देशों के बारे में बोलने का अधिकार अपने आप मिलेगा। जहाँ तक 'इस्लामी सहयोग संगठन' का सवाल है, उससे तो मैं इतना ही कहूँगा कि वह पाकिस्तान का सहयोग सबसे ज्यादा करे। उसे अमेरिका और चीन-जैसे देशों के आगे झोली पसारने के लिए मजबूर न होने दे। उसे युद्ध और आतंकवाद में फंसने से बचाए।

# कैप्टन की अनदेखी, कांग्रेस की गलती. . .

राकेश सैन

ठेठ ग्रामीण कहावत है- पेट वाले की आस में गोद वाले का त्याग, याने जो बच्चा अभी पेट में पड़ा ही है उसकी आशा में गोद वाले बच्चे को त्यागना स्यानप नहीं। परन्तु पंजाब कांग्रेस ने तो पेट वाले चन्नी की आशा में गोद वाले को तो क्या, कैप्टन जैसे कमाऊ पूत को ही वनवास दे दिया है। नासमझ पांव पर कुल्हाड़ी मारते हैं परन्तु कांग्रेस ने तो गोली मारी है। कैप्टन जैसे कुशल व सशक्त नेतृत्व के चलते 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए पंजाब कांग्रेस जहां बढ़त में दिख रही थी, वह आज अन्य दलों के समकक्ष कमजोर नेतृत्व से सुसज्जित दिखाई देने लगी है। पंजाब में चुनावों के लिए ताल ठोक रहे अकाली दल बादल के पास सुखबीर सिंह बादल के बावजूद कैप्टन के समक्ष कोई नेता नहीं था और आम आदमी पार्टी के पास भी अमरिन्दर सरीखे चेहरे का अभाव था। रही बात भाजपा की, तो वह तो अभी ताजा-ताजा ही अकालियों की गर्भनाल से अलग हुई है, सो उसके पास तो कद्दावर नेता होने की अभी अपेक्षा भी बेमानी है। कैप्टन को दरकिनार कर कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक हराकीरी का ईमानदार व गम्भीर प्रयास किया है।

पंजाब की राजनीति शुरू से ही कांग्रेस और अकाली दल के बीच दो ध्रुवीय रही है। कहने को यहां भाजपा, बसपा, आम आदमी पार्टी व कई स्थानीय दल हैं परन्तु इनका अस्तित्व या तो गठजोड़ पर निर्भर है या कई दल अभी संघर्षरत हैं। 1997 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस में राजिन्द्र कौर भट्ठल युग के अवसान के बाद एक ध्रुव पर अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल और दूसरी छोर पर कैप्टन अमरिन्दर सिंह स्थापित हो गए। पिछले दो-अढ़ाई दशकों से प्रदेश की राजनीति दो दलों की बजाय इन दोनों नेताओं के इर्द-गिर्द सिमटती अधिक नजर आने लगी। अकाली दल से आने के बावजूद कैप्टन ने अपनी आक्रामक शैली से ऐसी छवि बनाई कि वे प्रकाश सिंह बादल का विकल्प बने और 2002 में कांग्रेस की सरकार गठित करने में सफल रहे। इसके बाद 2007 और 2012 में प्रकाश सिंह बादल और 2017 में फिर से कैप्टन सत्ता में आए। लेकिन इस दौरान प्रकाश सिंह बादल के वयोवृद्ध हो जाने के कारण प्रदेश की राजनीति का दूसरा ध्रुव लुप्त हो गया। चाहे बड़े बादल ने अपने पुत्र सुखबीर सिंह बादल को स्थापित करने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद सहित हर तरह की नीति का पालन किया परन्तु कैप्टन के समक्ष अभी तक सुखबीर एक संघर्षरत नेता के रूप में ही नजर आ रहे थे। इस दो ध्रुवीय राजनीति को तोड़ना इतना मुश्किल था कि 2017 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की सनसनी बन कर उभरी आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल हर तरह के छल-बल और लटकों-झटकों का प्रयोग करने के बाद भी पंजाब की राजनीतिक सीढ़ियों से फिसल कर औंधे मुंह गिरे। अन्ना हजारे की चेला बिरादरी 'केजरीवाल-केजरीवाल सारा पंजाब तेरे नाल' नारे लगाते दिल्ली से आई और 'केजरीवाल-केजरीवाल एह की होया तेरे नाल' की आह भरते हुए देश की राजधानी वापिस लौट गई। पूर्व मुख्यमन्त्री अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व वाली साढ़े चार साल पुरानी सरकार पर चाहे चुनावी वायदे न निभाने के आरोप लगने लगे थे और विपक्ष कांग्रेस सरकार को घेरने लगा था, परन्तु इसके बावजूद भी समूचे विपक्ष के पास कैप्टन के समकक्ष कद्दावर नेता नहीं था। इस बात को यूं भी कहा जा सकता है कि पंजाब में कैप्टन की कुछ-कुछ स्थिति केन्द्र की राजनीति के नरेन्द्र मोदी जैसी बन गई थी। प्रदेश की राजनीति पूरी तरह एक ध्रुवीय चली आ रही थी जो कांग्रेस के लिए अत्यन्त लाभकारी थी, परन्तु जिस पार्टी ने एड़ी उठा कर फन्दा गले में डाल लिया हो उसकी सांसों के बारे में क्या कहा जा सकता है ?

कांग्रेस नेतृत्व को गौर करना चाहिए था कि कैप्टन में नेतृत्व का गुण अनुवांशिकी है, पूर्वजों से मिला है। उनकी आक्रामक शैली पंजाब की प्रकृति से मेल खाती है जिसके चलते लोग उन पर विश्वास करते थे। जाट समुदाय से आने के बावजूद सर्व समाज का उन पर विश्वास था। उनकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि संघ परिवार और भाजपा का काडर भी उन्हें पसन्द करता रहा है। पंजाब में उनका राजनीतिक अस्तित्व पार्टी के खास परिवार या केन्द्रीय नेतृत्व पर निर्भर नहीं था, यही कारण रहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 'चाहूंदा है पंजाब-कैप्टन दी सरकार' के नारे के चलते दो तिहाई बहुमत से सत्ता में लौटा था। राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने केन्द्रीय नेतृत्व के इतर बेबाकी से राय रखने वाले कैप्टन ने अपने इन्हीं गुणों के चलते पूरे देश में विशिष्ट पहचान बनाई थी। वे कांग्रेसी नेताओं की तरह कभी भेड़चाल में शामिल नहीं हुए और यही गुण शायद उनकी कमजोरी बन गया, क्योंकि पार्टी का खास कुनबा अपनी वंशबेल बड़ी रखने के लिए खुद के ही कद्दावर नेताओं के राजनीतिक घुटने छांगने में अधिक विश्वास करता है। पंजाब कांग्रेस के नेतृत्व परिवर्तन घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में जातीयता की दरारों को और गहरा दिया, साथ में मजेदार बात है कि इसे कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक भी कहा जा रहा है। चरणजीत सिंह चन्नी को पहला दलित मुख्यमन्त्री बता कर प्रदेश के 32 प्रतिशत इस वर्ग के मतदाताओं को साधने का दावा किया गया है परन्तु विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को चेहरा बताया जा रहा है जो जाट सिख हैं। अगर ऐसा होता है तो दलितों का कांग्रेस से नाराज होना तय है क्योंकि चन्नी के रूप में खड़ाऊं मुख्यमन्त्री सीधा-सीधा उनका अपमान होगा। सिद्धू को अपनी शर्तों पर फैसले करवाने की आदत है, चुनावों में उन्हें पार्टी आलाकमान नाराज नहीं कर पाएगा। पार्टी यदि सिद्धू के चेहरे को मुख्यमन्त्री के रूप में आगे करती है तो न सिर्फ दलित समुदाय की नाराजगी मोल लेनी होगी, बल्कि एक दलित मुख्यमन्त्री को गैर दलित चेहरे से 'दलित विरोधी' छवि का भी सामना करना होगा। चाहे पंजाब के ग्रामीण समाज में जातीयता की जड़ें गहराई तक समाई हुई हैं परन्तु चुनावों में जाति कोई बड़ा मुद्दा नहीं बनती। कभी सुनने में नहीं आया कि यहां के लोगों ने जातीय आधार पर उच्च स्तर पर मतदान किया हो। अगर ऐसा होता तो बहुजन समाज पार्टी जो कभी पंजाब में बड़ी तेजी से उभरी थी आज रसातल में नहीं पहुंची होती। बसपा हर बार दलित चेहरे को ही मुख्यमन्त्री के रूप में पेश करती आई है परन्तु दलितों ने उसे कभी गम्भीरता से नहीं लिया। पंजाब का दलित मतदाता कांग्रेस, अकाली दल, वामदलों और न्यूनाधिक भाजपा व आम आदमी पार्टी में बिखरा हुआ है, चन्नी के चलते यकायक कांग्रेस के पक्ष में यह सभी एकमुश्त एकजुट हो जायें ये तो बहुत बड़ा चमत्कार ही होगा। फिलहाल कांग्रेस को कैप्टन के रूप में अपनी अमूल्य निधी को सम्भालने का प्रयास करने की जरूरत है, क्योंकि पेट वाला कैसा निकलता है पता नहीं परन्तु गोद वाला आजमाया हुआ है।

# राजस्थान में मौका भुनाने में असफल होती भाजपा

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के छह जिलों में संपन्न हुए जिला प्रमुखों व पंचायत समिति के प्रधानों के चुनाव जीतने की खुशी मना रही भाजपा के रंग में उन्हीं की पार्टी के बड़े नेता कैलाश मेघवाल ने भंग डाल कर जीत का मजा किरकिरा कर दिया। चुनावी नतीजों में भाजपा सिर्फ सिरोही जिला परिषद में ही बहुमत में थी। इसके बावजूद जोड़-तोड़ कर पार्टी नेताओं ने सिरोही के साथ जयपुर व भरतपुर में भी अपना जिला प्रमुख जिता लिया था। इसी तरह 78 में से मात्र 14 पंचायत समितियों में भाजपा को बहुमत मिला था। मगर प्रदेश नेतृत्व ने 25 पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान बनवा दिये।

इससे प्रफुल्लित होकर भाजपा नेता अपनी जीत का जश्न मना रहे थे। इसी दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व शाहपुरा से विधायक कैलाश मेघवाल ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को पद से हटाने की मांग करते हुये पत्र लिख कर धमाका कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाने वाले कैलाश मेघवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर राजस्थान में




नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को उनके पद से हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि गुलाबचंद कटारिया द्वारा अलग-अलग मौके पर दिए गए बयानों के कारण भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मेघवाल ने बताया कि कटारिया ने 13 अप्रैल को राजसमंद में एक चुनावी सभा में महाराणा प्रताप को लेकर बयान दिया था। उनके चलते राजसमंद में पार्टी को वोटों का खासा नुकसान हुआ। इस बयान का मामला ठंडा पड़ा भी नहीं था कि उन्होंने भगवान राम पर टिप्पणी कर दी कि भाजपा नहीं होती तो भगवान राम समुद्र में होते। कटारिया के इन बयानों की वजह से समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं हुयी थीं। उनकी टिप्पणी ने पार्टी को बचाव की मुद्रा में ला दिया था। कटारिया के बयान के चलते ही पार्टी तीन में से दो सीटों पर चुनाव हार गई तथा राजसमंद सीट पर भी बहुत कम वोटों के अंतर से जीत पाई थी। अपने नेताओं को आईना दिखाते हुये मेघवाल ने आरोप लगाया था कि कटारिया की छत्रछाया में पार्टी पद और टिकट बंटवारे में लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी होती रही है। कटारिया अनर्गल बयान बाजी कर पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेघवाल ने अपने पत्र की प्रति भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां सहित पार्टी के सभी विधायकों को भी भेजी थी। मेघवाल ने तो विधानसभा सत्र से पहले होने वाली विधायक दल की बैठक में कटारिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी धमकी दी थी।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### महंत व संजय गोस्वामी द्वारा समागम कार्यक्रम संपन्न

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शुजालपुर के भील खेड़ी ग्राम में विश्व गुरु शंकराचार्य दसनाम गोस्वामी समाज द्वारा एक सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष महंत कन्हैया गिरी गोस्वामी व ब्लाक अध्यक्ष युवा पत्रकार संजय गोस्वामी के द्वारा प्रदेश भर के दशनाम गोस्वामी समाज जनों का आह्वान कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश गुजरात राजस्थान सहित प्रदेशभर के समस्त जिलों से सामाजिक कार्यक्रम में समाजजनों ने शिरकत कर अपने-अपने विचार रखें, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गिरी जी, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजेश गिरी गोस्वामी, प्रांतीय अध्यक्ष महंत रुपेश गिरी जी ने शिरकत की। कई साधु सन्यासी वह ज्ञनीजन भी दशनाम गोस्वामी समाज की आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए, आगंतुक अतिथियों व वक्ताओं के द्वारा सर्वप्रथम गुरु दत्तात्रेय व शंकराचार्य जी के छायाचित्रों का पूजनवंदन कर समाज हित में अपने-अपने विचार रखें, कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्रगिरी जी के द्वारा समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि आज के समय में मुख्य रूप से तीन प्रकार से ही इंसान खुद को व समाज को आगे बढ़ा सकता है, एक अगर वह ज्ञनी हो, दूसरा अगर वहां धनवान हो और तीसरा अगर उसके पास में लोगों की तादाद हो ,आज के समय में सिर्फ यह तीन प्रकार के लोग ही स्वयं को व समाज को उत्थान की ओर ले जा सकते हैं बाकी लोगों का दुनिया में कोई महत्व नहीं रहता, आदि कई महत्वपूर्ण बातें बताकर गोस्वामी समाजजनों के बीच समाज का मान बढ़ाते हुए कई महत्वपूर्ण बातें रखी, कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार महेंद्र कन्हैयागिरी गोस्वामी के पुत्र का जन्म उत्सव की इसी बीच संपन्न हुआ।

### जमीनी विवाद में 5 लोग अरेस्ट, दीवार को तोड़ कर हटाया गया

आज पटना जिला मसौढ़ी के रहमत गंज मोहल्ला में दो पक्षों में करीब 1 हफ्ते से झगड़ा लड़ाई चल रहा था एक पक्ष ने जमीन पर बाउंड्री कर दी और दूसरे पक्ष का कहना है कि जमीन मेरी है इसलिए पुलिस के साथ आकर जमीन पर जो कब्जा किया था उसको तोड़ दिया गया। और उन लोगों का कहना है कि जमीन हम लोगो की है यह लोग बुरी तरह कब्जा करना चाह रहे हैं। इसी के चलते पुलिस ने आज कुछ लोगों को अरेस्ट कर के थाने ले गए। अब उन्हें छोड़ते है या नहीं पुलिस ही बता सकती है। उसने सारे लोगो के सामने अपनी वाली बाउंड्री तोड़ी है (

# इस्तेमाल होना बंद करें मुसलमान

## अपनी पार्टी AIMIM को मजबूत करें : तैमूर अब्दुल्लाह

अजीम खान

बदायूँ: कल नमाजे जुमा कस्बा उसहैत के मदरसा फैजेआम अलीजान में ऑल इण्डिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन (AIMIM) की सभा का आयोजन हुआ। बैठक का आयोजन दातागंज विधानसभा के पदाधिकारियों ने किया। फूल मालाओं से हुए स्वागत के बाद बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष तैमूर अब्दुल्लाह ने कहा कि मुसलमान को तलक दूसरे दलों द्वारा इस्तेमाल होता रहेगा। अब मुसलमानों के पास सुनहरा मौका है, वह अपनी ताकत खुद बने और यूपी में असदुद्दीन ओवैसी का साथ देकर अपनी ताकत को मजबूत करे। उन्होंने



कहा कि लोग ओवैसी को भाजपा एजेंट बताते हैं लेकिन सभी मायनों में वह खुद भाजपा की बी टीम है। उन्होंने सपा और बसपा पर निशाना साधने हुए कहा कि मुस्लिम नेता आजम खां जेल में बंद रहे लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनकी सुध नहीं ली। मगर जब ओवैसी साहब खत लिखकर आजम खां से जेल में मुलाकात की बात करते हैं तब उन्हें अचानक आजम खां और उनके परिवार की याद आ जाती है। वहीं बसपा सुप्रीमों मायावती को मुखतार अंसारी एक गुंडा दिखाई देने लगता है। आगे कहा कि सड़क से लेकर संसद तक मुसलमानों के हक़ की आवाज उठाने वाला केवल ओवैसी है। जिसने संसद में सीए एनआरसी का बिल फाड़कर यह साबित कर दिया। उनके बाद विभिन्न वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला महासचिव अनीस अहमद, दातागंज तहसील अध्यक्ष रागीब, विधानसभा प्रभारी फहीम अहमद, उसावां ब्लॉक अध्यक्ष आदिल, उसहैत नगर अध्यक्ष वारिश, आबिद, मुशाहिद, आस मोहम्मद, खालिद, सलमान मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# जुल्फिकार अली भुट्टो की हत्या मामले में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कमरान खान

**बसंतपुर।** विश्वकर्मा पूजा के दिन शाम को बसंतपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी जुल्फिकार अली भुट्टो की हत्या के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है, जिनमें से 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रवादी समाजवादी जनता दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। जानकारी के मुताबिक पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन का करीबी मिनहाज खान जुल्फिकार अली भुट्टो का छोटा भाई था, जिसकी 29 जुलाई 2017 को अपराधियों ने घर में घुसकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड के इस मामले में कई लोग आरोपी बनाए गए थे जिसमें मुख्य आरोपी रजा खान को ग्रामीणों ने पुलिस के सामने मार मारकर हत्या कर दी थी। मृतक जुल्फिकार अली भुट्टो की पत्नी नसरा बानू ने एफ आई आर दर्ज करवाई है जिसमें अल्तमश खान, याकूब खान, दानिश खान, इब्राहिम धोबी, शाहनवाज, बच्चा खान, टुनटुन खान, अली इमाम,



रज्जन खान, रहमुद्दीन खान और लाडला कुरैशी को नामजद आरोपी बताया है। सभी नामजद आरोपी उसी गांव शेखपुरा के रहने वाले हैं। पुलिस के दिए गए आवेदन में मृतक की पत्नी ने बताया है कि नामजद सभी आरोपी मिनहाज हत्याकांड का केस उठाने के लिए धमकी दे रहे थे। उसने पुलिस को बताया कि अल्तमश खान ही अपने बाइक पर जुल्फिकार अली को बैठा कर घर से ले गया था। एफ आई आर दर्ज होने के बाद पुलिस उस इलाके के कई जगह छापेमारी करने के बाद चार संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। साथ ही, इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का पुलिस दावा कर रही है। एसपी अभिनव कुमार ने महाराजगंज के एसडीपीओ पोलस्त कुमार, इंस्पेक्टर बालेश्वर राय के अलावे कई थाना के पुलिस पदाधिकारियों को नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

# क्षेत्रधिकारी प्रेम कुमार ने पीड़ित महिला का मुकदमा लिखने के दिए आदेश

अजीम खान



**सहसवान।** मामला सहसवान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टोंट पुर करसरी गांव का है जहां दबंगों द्वारा सावित्री, देवी पत्नी चुरामन, के साथ 19-8-2021 को उसके ही गांव के बबलू व सुगढ पाल, रूम सिंह, द्वारा जमकर मारपीट की गई थी प्रार्थिनी ने बताया कि बबलू की भैंस हमारे खेत में खड़ी बाजरा की फसल खाने के लिए आ गई थी जिस पर प्रार्थीनी ने डंडा दिखाकर उसको भगा दिया था, इसी को लेकर दबंग लोगों ने प्रार्थिनी के साथ जमकर मारपीट और उसके मकान पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और छतों पर चढ़कर जमकर पथराव भी किया गया। वहीं दबंगों द्वारा उसके मुंह का दांत तक तोड़ दिया जिसकी सूचना पीड़ित महिला द्वारा थाना कोतवाली में 19-8-2021 को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन हैरान करने वाली बात तो यह रही इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी हल्का दरोगा ने कोई संज्ञान लेना उचित नहीं समझा वहीं दरोगा जी द्वारा डॉक्टरी कागज भी लेकर रख लिए गए थे रोज कोतवाली के चक्कर लगा रही पीड़ित महिला को आजकल आजकल कर के टहला दिया जाता था आखिर हल्का दरोगा इस पूरे प्रकरण को जानते हुए भी अनजान क्यों बन रहे थे आखिर इसकी क्या वजह थी या फिर दरोगा जी कोई बड़ी अनहोनी घटने का इंतजार कर रहे थे वहीं लगातार पीड़ित महिला को दबंगों द्वारा धमकियां दी जा रही थी जिसको लेकर आज पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी प्रेम कुमार थापा के लिए आपबीती सुनाई पूरे मामले को क्षेत्रधिकारी प्रेम कुमार थापा ने अपने संज्ञान में लेते हुए थाना कोतवाली पुलिस को मुकदमा लिखने के आदेश दिए।

# मंत्री परमार ने किया ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण

## 50 मरीजों को एक साथ 24 घंटे मिल सकेगी हॉस्पिटल में ऑक्सीजन

ब्रज कुमार राठौर

**शाजापुर।** कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों के बाद राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार के प्रयासों से शाजापुर जिले में 2 ऑक्सीजन प्लांट की सौगात मिली है। शुक्रवार को मंत्री इंदर सिंह परमार ने सिटी सिविल हॉस्पिटल में बनाए गए ऑक्सीजन प्लांट का स्वास्तिक बनाकर लोकार्पण किया, इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ राजेश तिवारी ने मंत्री परमार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री परमार ने कहां की हमने कोरोना संकट के दौरान ऑक्सीजन की कमी को भोगा है, कोरोना महामारी के दौरान जो राशि लोगों द्वारा पीएम केयर्स फंड में दान की गई थी, उसी पीएम केयर फंड के माध्यम से शाजापुर एवं शुजालपुर को ऑक्सीजन प्लांट की सौगात मिली है, इसीलिए हम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं, मंत्री परमार ने आगे कहा कि यह सही है कि चिकित्सकों की कमी है। चिकित्सक भर्ती का कार्य जारी है, शीघ्र ही पर्याप्त चिकित्सक शहर को मिलेंगे। अस्पताल प्रभारी डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट की लागत करीब 80 लाख रुपए है और इस ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता 200 आरपीएम है जो 24 घंटे 50 मरीजों को लगातार ऑक्सीजन दे सकता है। मरीजों को ऑक्सीजन सप्लाई के लिए वार्ड में लाइन डाली गई है, ऑक्सीजन वार्ड में 50 बेड मरीजों के लिए लगाए गए हैं,एक साथ 50 मरीजों को ऑक्सीजन दी जा सकेगी, ऑक्सीजन प्लांट के लोकार्पण अवसर पर एसडीएम शैली कनास, तहसीलदार राकेश खजूरिया, जिला महामंत्री विजय बैस, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाय को गोली मारने की झूठी सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस सहायता

मामला थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुर्बान पुर रात 9:00 बजे का है, जहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही वकील, पुत्र भूरे, ने 112 पर फोन कर गाय को गोली मारने की झूठी सूचना दे दी। मौके पर पहुंची 112 सहायता ने जब जांच पड़ताल की तो सूचना पूरी तरह झूठी निकली। मामला यह था तसरीफन, पत्नी शमशेर,ने बताया कि आए दिन वकील व राशिद मेरे खेत में रात के समय अपने पशुओं को खोल देते हैं जिससे मेरी सारी फसल नष्ट हो जाती है मेरे परिवार में 8 बेटियां और एक बेटा है वह भी दिमागी संतुलन से ठीक नहीं है मेरे पति का इंतकाल 12 साल पहले हो चुका है मैं अपने परिवार का खेती-बाड़ी कर पालन पोषण करती हूं यह लोग आए दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं और इसका विरोध करने पर मुझे जान से मारने की धमकी भी देते हैं ,इससे पूर्व में भी मेरे साथ इन लोगों ने जमकर मारपीट की जिसका समझौता गांव के लोगों ने ही करा दिया था वही प्रार्थिनी ने बताया यह लोग काफी दबंग किस्म के लोग हैं मुझे आए दिन धमकियां देते हैं कहते हैं की गाय को मारकर तेरे सिर मढ़ देंगे और तुझे जेल में सड़वा देंगे प्रार्थिनी को डर सताने लगा है कहीं यह दबंग लोग ऐसा ही नहीं कर दें जिसको लेकर प्रार्थिनी ने थाना कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

### कार्यालय बिशनगढ़ बस स्टैंड पर बना राजकीय पशु चिकित्सालय

जालोर जिला कार्यालय से महज 12 किलोमीटर दूरी पर बिशनगढ़ बस स्टैंड पर बना राजकीय पशु चिकित्सालय करीब चार महीने से बंद पड़ा है। राजकीय पशु चिकित्सालय में डाक्टर नहीं होने पर आस-पास के क्षेत्र से बिमार दुर्घटनाग्रस्त गोवंश लेकर पहुंचने वाले लोगों को निराश लौटना पड़ता है या गौवंश को इलाज हेतु जालोर जाना पड़ता है, कहीं बाहर समय पर इलाज नहीं मिलने पर गौवंश की जान चली जाती है। बिशनगढ़ के आस पास के क्षेत्र, जेसे नरसाणा, बालवाड़ा, देबावास, मुडी, तिखी, ओडवाडा, के करीबी लगता, मात्र एक ही पशु चिकित्सालय है और वो भी बंद हालात में है। कामधेनु सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि, बिशनगढ़ के आस पास के क्षेत्र में कोई बेसहारा गौवंश बिमार या दुर्घटनाग्रस्त होने पर गौवंश को बिशनगढ़ पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचने पर ताला लगा हुआ नजर आता है। पशु चिकित्सालय के बंद होने एवं डाक्टर नहीं होने पर, कामधेनु सेना के कार्यकर्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिम्मेदार पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# अमेरिका नया कोल्ड वॉर नहीं चाहता

## आतंकवाद का सहारा लेने वाले हमारे सबसे बड़े दुश्मनः अमेरिकी राष्ट्रपति

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** चीन से तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि हम एक नया शीत युद्ध (Cold War) नहीं चाहते हैं, जहां पर दुनिया का बंटवारा हो जाए। अमेरिकी उन सभी देशों के साथ काम करने को तैयार है, जो शांति के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, क्योंकि हम सभी अपनी असफलताओं के परिणाम भुगत चुके हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 76वें सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आगे कहा है कि अमेरिका अब वही देश नहीं है, जिस पर 20 साल पहले 9/11 को हमला हुआ था। उन्होंने कहा कि आज हम पहले से और बेहतर और मजबूत हुए



हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो लोग अमेरिका के खिलाफ आतंक का सहारा लेंगे वे हमारे सबसे बड़े दुश्मन होंगे। आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ हर कदम पर साथ खड़ा रहेगा। बाइडेन ने अफगानिस्तान से सेना की वापसी और वहां के हालात को लेकर भी अपनी बात रखी। बाइडेन ने कहा- हम आतंकवाद के कड़वे दंश को जानते हैं। पिछले महीने काबुल हवाई अड्डे पर हुए आतंकवादी हमले में हमने अपने 13 सैनिकों और कई अफगान नागरिकों को खो दिया। सैन्य शक्ति हमारी अंतिम उपाय का साधन होना चाहिए, न कि पहली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियों का मुकाबला कर रहे हैं। हमने अफगानिस्तान में 20 वर्षों का संघर्ष खत्म किया और युद्ध खत्म करने के बाद हमने कूटनीति के दरवाजे खोल रहे हैं। हमारी सुरक्षा, समृद्धि, स्वतंत्रता आपस में जुड़ी हुई है और हमें पहले की तरह दुनिया की सभी चुनौतियों के खिलाफ एक साथ मिलकर काम करना चाहिए।बाइडेन ने हथियारों की होड़ पर भी दुनिया को आगाह किया। उनका इशारा उत्तर कोरिया और ईरान की ओर था। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार पाने से रोकने को लेकर प्रतिबद्ध है। बाइडेन ने कहा कि हम कोरियाई प्रायद्वीप में भी कूटनीति के रास्ते शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हथियारों से कोरोना जैसी महामारी या उसके भविष्य के वैरिएंट्स से बचाव नहीं किया जा सकता है, बल्कि यह विज्ञान और राजनीति की सामूहिक इच्छाशक्ति से ही संभव है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि हमने स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों का सामना करने के लिए क्वाड साझेदारी को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी राष्ट्र के साथ काम करने के लिए तैयार है जो शांतिपूर्ण प्रस्तावों का अनुसरण करता है।

# जस्टिन ट्रूडो तीसरी बार बनेंगे कनाडा के प्रधानमंत्री

## लिबरल पार्टी चुनाव जीती, लेकिन पूर्ण बहुमत नहीं मिला



एजेंसी

**ओटावा।** जस्टिन ट्रूडो तीसरी बार कनाडा के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। सोमवार को उनकी लिबरल पार्टी ने चुनावों में जीत दर्ज कराई। ट्रूडो 2015 से सत्ता में हैं और 6 साल के अंदर तीसरी बार वे चुनाव जीते हैं। हालांकि वे पूर्ण बहुमत हासित नहीं कर पाए।

ट्रूडो ने इस चुनाव में एक कंजर्वेटिव लीडर को हराया। ट्रूडो ने पिछले महीने खुद चुनाव कराने की मांग की थी। उन्हें उम्मीद थी कि उनकी अल्पमत वाली सरकार बहुमत में तब्दील हो सकती है। लेकिन इन चुनावों के नतीजे बिलकुल 2019 के चुनावों जैसे ही रहे हैं, जब उनकी पार्टी को अल्पमत की सरकार बनानी पड़ी थी।पूर्ण बहुमत से 14 सीट कम जीत पाई ट्रूडो की पार्टी

कनाडा में पूर्ण बहुमत के लिए किसी पार्टी को लोकसभा में 338 सीटों में से 170 सीटें जीतनी जरूरी हैं। इन चुनावों में ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने 156 सीटें जीते थी, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी ने 123 सीटों पर जीत दर्ज की। 2019 में हुए पिछले चुनावों में ट्रूडो की पार्टी ने 157 सीटों पर और कंजर्वेटिव पार्टी ने 121 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# धांधली के बीच पुतिन की पार्टी जीती, इस बार वोटर्स को ई-वोटिंग का विकल्प भी दिया गया

एजेंसी

**रूस।** रूस के चुनाव नतीजों में एक बार फिर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यूनाइटेड रशिया (UR) पार्टी दो तिहाई सीटों पर जीत गई है। सोमवार देर रात वोटों की गिनती लगभग पूरी होने पर यूआर पार्टी को लगभग 50 फीसदी वोट मिले। ये 2016 से चार फीसदी कम वोट हैं।

कम्युनिस्ट पार्टी को पिछली बार से 6 फीसदी अधिक लगभग 19 फीसदी वोट मिले। वोटिंग में रिकॉर्ड धांधली के आरोप हैं। कोरोना के कारण इस बार वोटर्स को ई-वोटिंग का विकल्प भी दिया गया था। दक्षिणपंथी एलडीपीआर पार्टी 7.56% वोटों के साथ तीसरे और मध्यम मार्गी फेयर रशिया पार्टी 7.38% वोटों के साथ चौथे स्थान पर रही।

2024 में होने वाले चुनावों में बतौर राष्ट्रपति पुतिन पर मुहर लग जाएगी। रूसी संसद डुमा में अब यूआर पार्टी को दो तिहाई बहुमत मिल गया है। डुमा के चेयरमैन वैसिली पिस्करेव ने रूस में अमेरिका के राजदूत जॉन सुलिवान को तलब कर



उन्हें गड़बड़ी के बारे में सबूत भी सौंपे। रूसी चुनाव के वायरल वीडियो में पोलिंग स्टेशनों में पुतिन समर्थकों को बैलेट बॉक्स में बोगस वोट डालते हुए दिखाया गया है। नवलनी के समर्थकों का आरोप है कि चुनाव पर्यवेक्षकों की संख्या कम कर दी गई जबकि वोटिंग को तीन दिन की लंबी अवधि तक खींचा गया।

रूस के सुदूर पूर्वी प्रांत याकुटिया में इस बार कम्युनिस्ट पार्टी ने जीत हासिल की है। कम्युनिस्ट पार्टी के पेत्रे एमुसोव ने इस सीट को फेयर रशिया पार्टी से हथियाया है। याकुटिया दुनिया का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। इसका क्षेत्रफल लगभग भारत के बराबर है।

**बहुमत से चूके** | **पापुलर वोट में पिछड़े प्रधानमंत्री ट्रूडो**

# कनाडा में 17 भारतवंशी जीते, एनडीपी के जगमीत सिंह किंगमेकर होंगे

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के चुनाव नतीजों में बढ़त के बाद जस्टिन ट्रूडो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। ट्रूडो की लिबरल पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। लेकिन बहुमत से चूक गई। ट्रूडो को 338 सीटों वाले निचले सदन में 156 सीटें मिलीं। ट्रूडो को सरकार गठन में 14 और सीटों के समर्थन की जरूरत है। ऐसे में न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के जगमीत सिंह सरकार गठन में किंगमेकर होंगे। एनडीपी के पास 27 सीटें हैं। कनाडा के प्रमुख विपक्षी दल कंजर्वेटिव



पार्टी को 122 सीटें मिली हैं। कनाडा के चुनावों में इस बार 17 भारतवंशियों ने जीत दर्ज की है। रक्षा मंत्री हरजीत सिंह ने वैंकूवर दक्षिण से कंजर्वेटिव पार्टी के सुखबीर गिल को हराया। ट्रूडो ने इस बार समय से पूर्व चुनाव कराने का दांव भी चला था लेकिन ये उतना कारगर साबित नहीं हुआ कि ट्रूडो को स्पष्ट बहुमत प्रदान कर पाए। कोरोना की चौथी लहर की आशंका और कोरोना काल के दौरान लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। सरकार के खिलाफ लोगों में असंतोष भी पनपा। इसके बावजूद ट्रूडो अपनी लिबरल पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में लाने में सफल रहे। माना जा रहा है कि ट्रूडो जल्द ही बड़े राहत पैकेज का ऐलान करेंगे। भले ही प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी कंजर्वेटिव पार्टी से सीटों के मामले में आगे रही लेकिन पापुलर वोट में वे इस बार कंजर्वेटिव पार्टी से पिछड़ गए।

## सोना 46 और चांदी 60 हजार के नीचे आई, आने वाले दिनों में जारी रह सकती है गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इसी गिरावट के चलते आज सोना 46 हजार के नीचे आ गया है। वायदा बाजार में आज सोना MCX पर दोपहर 1 बजे 31 रुपए कम होकर 45,955 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। वहीं सर्राफा बाजार की बात करें तो इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार आज सोना 125 रुपए सस्ता होकर 46,185 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। सर्राफा बाजार में आज चांदी 1,256 रुपए सस्ती होकर 59,875 रुपए प्रति किलोग्राम पर आई गई है। हालांकि MCX पर 1 बजे ये 8 रुपए की बढ़त के साथ 60 हजार रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। सर्राफा बाजार में इस महीने अब तक सोना 1,102 रुपए सस्ता हो चुका है। 1 सितंबर को ये 47,287 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 46,185 रुपए पर आ गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 1 सितंबर को 62,957 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी जो अब 59,875 रुपए पर आ गई है। यानी सितंबर में अब तक चांदी 3,082 रुपए सस्ती हो चुकी है। अगस्त 2020 में सोने का भाव अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अगस्त 2020 में ये 56,200 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। अभी सोना 46,185 रुपए पर आ गया है, यानी तब से अब तक सोना 10,015 रुपए सस्ता हो चुका है। चांदी की बात करें तो इसका ऑल टाइम हाई लेवल 79,980 रुपए प्रति किलो है। इस हिसाब से चांदी भी अपने ऑल टाइम हाई से 20,105 रुपए सस्ती हो गई है। IIFL सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता कहते हैं कि डॉलर के मजबूत होने से सोने के दाम कम हुए हैं। इसके चलते आने वाले दिनों में सोना 45 हजार रुपए के करीब आ सकता है।

# अमेजन के खिलाफ घूस देने के आरोपों की जांच करेगी सरकार

## मामले में पहले ही कार्रवाई शुरू कर चुकी है दिग्गज अमेरिकी रिटेलर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेजन के लिए भारत में काम करने वाले वकीलों पर अधिकारियों को रिश्वत देने का जो आरोप लगा है, सरकार उसकी जांच करेगी। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि रिश्वत दिए जाने की घटना किस समय की है, यह जानकारी दिग्गज अमेरिकी रिटेलर से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट में नहीं है। लेकिन भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' पॉलिसी है। उधर, अमेजन ने करप्शन के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत जांच शुरू कर दी है।

दिग्गज अमेरिकी रिटेलर के लिए भारत में काम करने वाले वकीलों के खिलाफ भ्रष्टाचार करने की जानकारी एक मीडिया वेबसाइट ने सार्वजनिक की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी ने अपने काम के लिए एक




इंडिपेंडेंट वकील को हायर करके उसे जो लीगल फीस दी थी, उसका इस्तेमाल सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने में किया गया था।

अमेजन ने दो साल में लगभग 8,500 करोड़ की लीगल फीस चुकाई

सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, 'अमेजन ने लीगल फीस के तौर पर दो साल में लगभग 8,500 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह सोचने का समय आ गया है कि पैसा जा कहां रहा है। लगता है कि पूरा सिस्टम रिश्वतखोरी पर चल रहा है। यह कारोबार करने का अच्छा तरीका नहीं है।' उन्होंने यह बात अमेजन की कुछ कंपनियों के पब्लिक एकाउंट का हवाला देते हुए कही है। मीडिया वेबसाइट मॉर्निंग कॉन्टेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन ने अपने कुछ भारतीय कानूनी प्रतिनिधियों के खिलाफ जांच शुरू की है। एक व्हिसलब्लोअर ने उन पर भारत में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि कंपनी ने अपने सीनियर कॉर्पोरेट वकील को छुट्टी पर भेज दिया है। ट्रेडर बॉडी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर आरोपों की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उसका कहना है कि आरोपों के चलते सरकार की साख पर बट्टा लगा है और यह सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार को खत्म करने के विजन के खिलाफ है।अमेजन के खिलाफ कॉम्पिटिशन को दबाने, अपने मार्केटप्लेस पर गलत तरीकों से कीमतों को कम रखने और कुछ विक्रेताओं को तवज्जो देने के मामले में कॉम्पिटिशन कमीशन की जांच पहले से ही चल रही है। इसके अलावा उसने रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपए की डील को लेकर फ्यूचर ग्रुप पर मुकदमा किया हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक त्यागी ने आखिरी 4 गेंद में मैच पलटा

अंतिम ओवर में पंजाब को सिर्फ चार रनों की दरकार थी और टीम के पास 8 विकेट बचे हुए थे। टीम के लिए एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन बैटिंग कर रहे थे और गेंदबाजी का जिम्मा 21 साल के कार्तिक त्यागी के कंधों पर था। टीम को मजबूत शुरुआत देने वाले यशस्वी जायसवाल ये यशस्वी का दूसरा आईपीएल है। वो राजस्थान रायल्स की पारी शुरू करने आए थे। उन्होंने 36 गेंदों पर 49 रनों की शानदार पारी खेली। जायसवाल अपने पहले IPL अर्धशतक से भले ही चूक गए हो, लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से सभी को खासा प्रभावित किया। अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यशस्वी को राजस्थान ने 2.4 करोड़ रुपए में 2021 में ही खरीदा था। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के रहने वाले यशस्वी का परिवार कभी पानीपुरी बेचकर अपना गुजारा करता था।

### युवी-वॉर्नर हो सकते हैं गेमचेंजर

IPL 2021 फेज-2 में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (DC) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से होगा। UAE में पहली बार ये दोनों टीमें मैदान पर नजर आएंगी। दिल्ली की टीम हर डिपार्टमेंट में काफी संतुलित नजर आती है, जबकि हैदराबाद में भी बड़े नाम मौजूद हैं।

इस मैच में DC के लिए कैप्टन ऋषभ पंत, ओपनर शिखर धवन और पृथ्वी शॉ के अलावा हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन और डेविड वॉर्नर बल्ले से धमाल मचा सकते हैं। चलिए जानने की कोशिश करते हैं कि इस हाईवोल्टेज मैच में फैंटेसी-11 के लिहाज से कौन-कौन से खिलाड़ी अहम हो सकते हैं।

# 20 साल के कार्तिक त्यागी ने आखिरी 4 गेंद पर पलटा मैच

## RR ने पंजाब को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया



एजेंसी

**दुबई।** IPL-2021 फेज-2 में मंगलवार को राजस्थान और पंजाब के बीच एक बहुत ही रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच के अंतिम ओवर में पंजाब किंग्स को 4 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम सिर्फ 1 ही रन बना सकी और मुकाबला 2 रन से हार गई। मैच में 20 वर्षीय युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी हीरो बनकर सामने आए। आखिरी ओवर में उन्होंने RR को करिश्माई गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दिलाई।

अंतिम ओवर में पंजाब को सिर्फ चार रनों की दरकार थी और टीम के पास 8 विकेट बचे हुए थे। टीम के लिए एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन बैटिंग कर रहे थे और गेंदबाजी का जिम्मा 20 साल के कार्तिक त्यागी के कंधों पर था।

# वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम IPLमें एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 'जाब किंग्स इलेवन से खेलने वाले वेस्टइंडी के स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल आज 42 साल के हो गए हैं। आज उनका जन्मदिन है। उनके नाम IPLमें एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी है। वहीं वह दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में ट्रिपल सेंचुरी, वन वनडे में डबल सेंचुरी और टी20 इंटरनेशनल में सेंचुरी लगाई है। क्रिस गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ नाबाद 175 रन की पारी खेली थी। उनकी यह पारी IPLमें एक मैच का सर्वोच्च स्कोर भी है। उन्होंने मात्र 30 गेंद पर सेंचुरी बनाई थी।



गेल ने ओवरऑल करियर में 1500 से अधिक छक्के लगाए हैं

1999 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले गेल कई बड़े कारनामे कर चुके हैं। वे ओवरऑल करियर में 1500 से अधिक छक्के और 3 हजार से अधिक चौके लगा चुके हैं। वहीं वे टी20 में 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। वेस्टइंडीज ने 2 बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब भी जीता है। गेल दोनों बार टीम में थे। अगले महीने UAE और ओमान में शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भी उन्हें वेस्टइंडीज टीम में जगह मिली है।टी20 में 1000 से ज्यादा छक्के लगा चुके हैंक्रिस गेल ने टी20 में अब तक 1042 छक्के लगाए हैं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सका है। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ही किरोन पोलार्ड हैं। उन्होंने 756 छक्के लगाए हैं। टी20 की एक पारी में सबसे अधिक 18 छक्के का रिकॉर्ड भी गेल के ही नाम है। उन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के एक मुकाबले में रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह कारनामा किया था।

क्रिस गेल वेस्टइंडीज की ओर से वनडे में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वे और ब्रायन लारा ही वेस्टइंडीज की ओर से वनडे में 10 हजार से अधिक रन बना सके हैं। गेल ने 301 वनडे में 38 की औसत से 10480 रन बनाए हैं। इनमें 25 सेंचुरी और 54 हाफ सेंचुरी शामिल हैं।


घट रहा है डिपॉजिट पर ब्याज | टैक्स या ब्याज की समीक्षा करने की जरूरत

# बैंक में छोटे निवेशकों के जमा पैसे पर मिल रहा है निगेटिव रिटर्न

एजेंसी

**मुंबई।** बैंकों में छोटे निवेशकों के जमा पैसों पर जो ब्याज मिल रहा है, वह निगेटिव रिटर्न साबित हो रहा है। इसलिए, जमा रकम के ब्याज या फिर ब्याज पर लगने वाले टैक्स की समीक्षा करनी चाहिए।

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्यकांति घोष ने यह बात कही है। एक रिपोर्ट में घोष ने कहा कि यदि सभी रिटेल ग्राहकों के पैसे पर नहीं तो कम से कम वरिष्ठ नागरिकों के जमा पैसों पर मिलने वाले ब्याज या फिर ब्याज पर लगने वाले टैक्स की समीक्षा करने की जरूरत है। देश के बैंकिंग सिस्टम में रिटेल जमाकर्ताओं के 102 लाख करोड़ रुपए जमा हैं। वर्तमान में, बैंक सभी जमाकर्ताओं के लिए सालाना 40,000 रुपए से अधिक की ब्याज से होने वाली कमाई पर टैक्स काटते हैं। जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपए प्रति वर्ष से अधिक की कमाई पर टैक्स लगाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे पॉलिसी ग्रोथ पर केंद्रित हुई है, वैसे-वैसे सिस्टम में जमा पर ब्याज दरें नीचे जा रही हैं। इससे रिटेल निवेशकों को काफी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक में जमा पैसे पर पर रिटर्न की सही दर ( real rate of return) लंबे समय में निगेटव रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने यह स्पष्ट रूप से साफ कर दिया है कि ग्रोथ को सपोर्ट करना उसका पहला लक्ष्य है। साथ ही बैंकों में



पर्याप्त लिक्विडिटी मौजूद है। इसलिए हाल-फिलहाल में बैंकिंग सिस्टम में जमा पैसे पर मिलने वाली ब्याज दर में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के अर्थशास्त्री कहते हैं कि हम मानते हैं कि अब यही सही समय है कि हम बैंक में जमा पर मिलने वाले ब्याज के टैक्स पर फिर से विचार करें। RBI उस नियम पर भी पुनर्विचार कर सकता है जो बैंकों की ब्याज दरों को उम्र के अनुसार निर्धारित करने की मंजूरी नहीं देता है। इस बीच, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सिस्टम में अतिरिक्त लिक्विडिटी के कारण बैंक वर्तमान में मार्जिन के दबाव का सामना कर रहे हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि वर्तमान में, बैंक रिटेल लोन भी 7% से कम ब्याज पर दे रहे हैं। यानी जब डिपॉजिट पर ब्याज दरें निचले स्तर पर पहुंच गई हैं तो उसी तरह उधारी पर भी ब्याज दरें निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। देश में बचत खाते पर बड़े बैंक इस समय 3 से 4% के बीच ब्याज दे रहे हैं। FD पर यह बैंक 5 से 6% का ब्याज दे रहे हैं। छोटे बैंक हालांकि सेविंग पर 5 से 7 और FD पर 7 से 8% तक का ब्याज दे रहे हैं।

# कन्यादान के ऐड पर भड़कीं कंगना



क्लोथिंग ब्रांड मान्यवर ने मोहे के लिए आलिया भट्ट का एक नया ऐड रिलीज किया है। जो कंगना रनोट को पसंद नहीं आया। कंगना ने आलिया और मोहे पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा है-सभी ब्रैंड्स से विनम्र अनुरोध, चीजों को बेचने के लिए धर्म, माइनरिटी, मेजोरिटीज पॉलिटिक्स का इस्तेमाल न करें..। अलगाव बढ़ाने वाले ऐड के जरिए भोले-भाले कंज्यूमर के साथ छेड़छाड़ बंद करो।"गौरतलब है कि इस ऐड में आलिया दुल्हन बानी हुई मंडप में बैठी हैं। और हिंदू संस्कृति में कन्यादान (जहां एक पिता अपनी बेटी को शादी में विदा करता है) की पुरानी परंपरा के बारे में बात कर रही हैं। वह कहती हैं कि कन्यादान के स्थान पर कन्यामान होना चाहिए। इंस्टाग्राम पर एक लंबे नोट में कंगना लिखती हैं -₹हम अक्सर एक शहीद के पिता को टीवी पर देखते हैं, जब वे सीमा पर एक बेटे को खो देते हैं, तो वे दहाड़ते हैं 'चिंता मत करो, मेरा एक और बेटा है, उसका भी दान मैं इस धरती मां को दूंगा। कन्यादान हो या पुत्रदान (अंग्रेजी या उर्दू में इनके लिए शब्द नहीं हैं) जिस तरह से समाज इनका कांसेप्ट देखता है, त्याग इसकी कोर वैल्यू को दिखाता है। जब वे दान के विचार को ही नीचा दिखाना शुरू कर दें... तब आप जान जाओ कि ये राम राज्य की स्थापना का समय है। जिस राजा ने अपना सब कुछ त्याग दिया, वह भी केवल एक तपस्वी (भिक्षु) का जीवन जीने के लिए। कृपया हिंदुओं और उनके रिवाजों का मज़ाक उड़ाना बंद करें। धरती और स्त्रियाँ दोनों ही शास्त्रों में माता के रूप में बताई गई हैं, उन्हें उर्वरता की देवी के रूप में पूजा जाता है। उन्हें अनमोल और अस्तित्व के स्रोत (शक्ति) के रूप में देखने में कुछ भी गलत नहीं है। कंगना ने एक और पोस्ट में लिखा है -₹जब जीन पूल और ब्लड लाइन्स की बात आती है तो हिंदू धर्म बहुत संवेदनशील और वैज्ञानिक है। एक शादी में एक महिला अपने गोत्र और ब्लड लाइन्स को छोड़कर दूसरे जीन पूल और गोत्र में प्रवेश करती है। इसके लिए उसे न केवल अपने पिता की, बल्कि पूर्वजों की भी अनुमति की आवश्यकता होती है। जिनका खून उसकी नसों में बहता है। इस सुचारू परिवर्तन के लिए पिता उसे हर पक्ष से अनुमति देते हैं और उसे गोत्र से मुक्त करता है। लेकिन जाग्रत मंदबुद्धि इस जटिल विज्ञान को नहीं समझेंगे। बेहतर यही है कि ऐसे ऐड्स पर प्रतिबंध लगा दिया जाए और उन्हें बंद कर दिया जाए। धन कोई गन्दा शब्द नहीं है। तुम्हरा दिमाग गन्दा है। धन कई अर्थों में इस्तेमाल किया जाता है जैसे राम रतन धन पायो, पुत्र धन और सौंदर्य और रूप के धनी होना, कुछ ऐसे शब्द हैं जो हमेशा उपयोग किये जाते हैं। कन्या धन और पराया धन का मतलब ये नहीं आप बेटी को बेच रहे हैं। ये एंटी हिन्दू प्रोपगेंडा बंद करो।

**कंगना रनोट ने मोहे की ऐड पर आलिया भट्ट को सुनाई खरी खोटी**

**मेकर्स से कहा-हिंदुओं का मजाक उड़ाना बंद करो**

### राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी केस

## हमें शिल्पा की नहीं, उनके बच्चों की चिंता: बॉम्बे हाईकोर्ट



**मीडिया रिपोर्ट्स का उनपर पड़ सकता है गलत असर**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वह बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के नाबालिग बच्चों के बारे में मीडिया में आई खबरों को लेकर चिंतित हैं। शिल्पा ने जुलाई में अपने पति राज कुंद्रा की गिरफ्तारी के बाद उनके और उनके परिवार के खिलाफ पब्लिश कथित मानहानिकारक आर्टिकल्स और वीडियोज के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया था जिसकी सुनवाई जस्टिस गौतम पटेल कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपनी याचिका में मांग की थी कि मीडिया को गलत, झूठी, दुर्भावनापूर्ण₹ कंटेंट पब्लिश करने से रोका जाए। अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि वह सभी के ऊपर रोक नही लगा सकती।

अदालत ने जुलाई में कहा था कि वह शिल्पा के खिलाफ कुछ भी रिपोर्ट्स करने पर मीडिया पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश नहीं दे सकती। हालाँकि, उन्होंने YouTube पर अपलोड किए गए तीन वीडियो को हटाने का निर्देश दिया था। सोमवार को, शेट्टी के वकील, अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि वह मीडिया आउटलेट्स, ब्लॉग और व्लॉग चलाने वालों के साथ बातचीत कर रहे हैं, और उनमें से कई आपत्तिजनक पोस्ट को हटाने के लिए सहमत हुए हैं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को करेगी। अदालत ने शिल्पा के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से यह भी पूछा कि वह याचिका पर सुनवाई के लिए जल्दी में क्यों हैं? जस्टिस पटेल ने कहा, राज कुंद्रा का पोर्नोग्राफी का यह मामला अभी लंबे समय तक चलने वाला है। आगे बात करते हुए कहा, ₹मैं शिल्पा शेट्टी के बारे में चिंतित नहीं हूं...वह खुद को संभाल लेगी। मैं उनके नाबालिग बच्चों के बारे में अधिक चिंतित हूं। शेट्टी और उनके बच्चों की पर्सनल लाइफ पर आने वाली मीडिया रिपोर्ट्स चिंता का विषय हैं... इस मामले का बच्चों पर बुरा असर हो सकता है। राज कुंद्रा को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

## मेरी डायरी में आने वाले 2 सालों की डेट्स फुल हैं फिर भी ट्रोलर्स मुझे बेरोजगार कहते हैं

# तापसी पन्नू



हमेशा अपने ट्रोलर्स को जवाब दे जानी जाती हैं। लेकिन, एक्ट्रेस अब बहुत कम सोशल मीडिया में जवाब देती हैं। मीडिया से बात करते हुए वह कहती हैं सोशल मीडिया का एक समाज उन्हें 'बेरोजगार' कहता है। जबकि, मेरी डेट डायरी में आने वाले 2 सालों की डेट्स फुल हैं। तापसी को हाल ही में, हॉरर-कॉमेडी 'एनाबेले सेतुपति' में देखा गया था, जो पिछले हफ्ते ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई थी। उनकी आने वाली फिल्मों में शाबाश मिठू जो क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है, लूप लापेटा, रश्मि रॉकेट, अनुराग कश्यप की दोबारा और ब्लर, जो उनके प्रोडक्शन हाउस के बैनर के तहत बन रही है।

एक इंटरव्यू में तापसी ने कहा, वह वास्तव में अब ट्रोलर्स को जवाब नहीं देती हैं। मैं ज्यादातर ट्रोलर्स को नजरअंदाज करती हूं, क्योंकि ज्यादातर बॉट हैं या एक कैंपेन के तहत बिना सोचे-समझे ट्रोल होते हैं। उनके पास कोई इंपॉर्टेंट बात नहीं होती है, और जब आप सफल होते हैं तो ट्रिगर हो जाते हैं। वह मुझे बेरोजगार कहते हैं, जबकि मेरे पास 2023 तक फिल्म करने का समय नहीं है। लेकिन, मैं उस पर रिएक्ट करने के लिए बहुत सेक्योर फील करती हूं। मीडिया से बात करते हुए एक्ट्रेस कहती हैं, जब वह ट्रोल होती हैं तो उनके परिवार के सदस्यों पर भी इफैक्ट पड़ता हैं। लेकिन, मैंने इस बारे में उनके साथ बातचीत की है। वह कहती हैं, मैं अपने विचार व्यक्त करना बंद नहीं करूंगी। कहीं, मेरी आवाज मायने रखती है। मुझे लगता है कि मेरी आवाज बहुत शक्तिशाली है और उसका प्रभाव पड़ता है। इसलिए, वह मेरी आवाज बंद करवाना चाहते हैं। मैं आसानी से चुप नहीं होती। जब मैं जवाब देती हूं, तो मैं ट्रोलर्स के लेवल तक नही जाती, मैं जवाब देने में अपनी डिग्निटी कभी नहीं खोऊंगी। यही मुझमें और ट्रोलर्स के बीच का डिफरेंस है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।